रविवार, 23 मार्च 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 30 – 19 |
| आर्द्रता | 62% |
| सूर्योदय: 5:39 | सूर्यास्त: 17:49 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा




बांग्लादेश में कट्टरपंथी इस्लामी तत्वों का हिंदुओं पर अत्याचार चिंता का विषय: आरएसएस –पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : पेड़ की डाल पर बैठा पक्षी अपने आत्मविश्वास के कारण डाल टूटने से नहीं डरता।



# रंगारंग कार्यक्रम के साथ आईपीएल के 18वें सत्र का आगाज







दिशा पटानी, श्रेया घोषाल और करण औंजला ने आईपीएल 2025 के उद्घाटन समारोह में मंच पर मचाया धमाल

**कोलकाता :** आईपीएल 2025 का उद्घाटन समारोह समाप्त हो गया है। आईपीएल के 18वें सीजन के मौके पर केक काटा गया और आतिशबाजी के साथ आईपीएल 2025 की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान हुआ। उद्घाटन समारोह के दौरान टॉस में देरी हुई .आईपीएल के उद्घाटन समारोह की शुरुआत शाहरुख खान के भाषण के साथ हुई जिसके बाद बॉलीवुड गायिका श्रेया घोषाल ने प्रस्तुति पेश की। श्रेया ने अपने धुन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इसके बाद बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपने डांस से जलवा बिखेरा। फिर पंजाबी गायक करण औजला ने रंग जमाया। अंत में शाहरुख ने रिंकू सिंह और विराट कोहली के साथ डांस किया। गत चैंपियन केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे और आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार आईपीएल की चमचमाती ट्रॉफी लेकर मंच पर आए। शाहरुख के साथ मंच पर बीसीसीआई के शीर्ष पदाधिकारी, दिशा पाटनी, श्रेया घोषाल, करण औजला, रहाणे और पाटीदार मौजूद थे। विराट कोहली और फिल सॉल्ट के दम पर आरसीबी की शानदार शुरुआत,गत चैंपियन केकेआर को उनके घर में हराया। –पृष्ठ 8

## शाहरुख के साथ थिरके कोहली



उद्घाटन समारोह के दौरान शाहरुख के साथ 'झूमे जो पठान' गाने पर विराट कोहली थिरके। शाहरुख ने कोहली से डांस की अपील की और दोनों ने पठान फिल्म के गाने पर डांस कर दर्शकों का मन मोह लिया। शाहरुख ने इसके बाद मंच पर बीसीसीआई के पदाधिकारियों और प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को बुलाया। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने इस दौरान विराट कोहली को आईपीएल के 18 सीजन पूरे होने पर एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

## भगोड़ा हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी बेल्जियम में रह रहा : मीडिया रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** भगोड़ा हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी बेल्जियम का 'निवास कार्ड' हासिल करने के बाद अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ अभी एंटवर्प शहर में रह रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। कैरेबियाई क्षेत्र की खबरों पर केंद्रित मीडिया आउटलेट एसोसिएटेड टाइम्स ने बताया कि भारतीय अधिकारियों ने बेल्जियम के अधिकारियों से चोकसी के भारत प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू करने का अनुरोध किया है। भारतीय अधिकारियों की ओर से इस खबर की तत्काल पुष्टि नहीं की गई है। चोकसी 13,500 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित है। माना जाता है कि बेल्जियम जाने से पहले वह एंटीगुआ और बारबाडोस में रह रहा था। उसकी पत्नी प्रीति बेल्जियम की नागरिक बताई जाती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चोकसी वर्तमान में बेल्जियम में 'एफ रेजीडेंसी कार्ड' हासिल कर अपनी पत्नी प्रीति के साथ एंटवर्प शहर में रह रहा है।

## डीजीजीआई ने 357 अवैध ऑनलाइन गेमिंग वेबसाइट को ब्लॉक किया

नयी दिल्ली : वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि जीएसटी खुफिया अधिकारियों ने विदेश से संचालित अवैध ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों की 357 वेबसाइटों को ब्लॉक कर दिया है। इसके साथ ही लगभग 2,400 बैंक खाते जब्त किए हैं। मंत्रालय ने जनता को विदेशी गेमिंग मंचों से जुड़ने के खिलाफ आगाह भी किया। मंत्रालय ने कहा कि बॉलीवुड हस्ती और क्रिकेट खिलाड़ियों के अलावा सोशल मीडिया पर प्रभाव रखने वाले भी अगर इन मंचों का समर्थन करें, तो भी इनसे नहीं जुड़ना चाहिए।

## मै भले ही लंदन जा रहीं हूं लेकिन दिल से बंगाल में हूं : ममता

- **एक हफ्ते के लंदन दौरे पर रवाना हुईं मुख्यमंत्री**
- **आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में 27 मार्च को होगा ममता का व्याख्यान**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार की शाम लंदन के एक हफ्ते के दौरे पर रवाना हुईं। ममता का विमान लंदन के स्थानीय समय के अनुसार आज सुबह (भारतीय समय के अनुसार दोपहर में) हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरेगा। इस दिन, लंदन जाने से पहले मुख्यमंत्री ने कोलकाता एयरपोर्ट पर मीडिया कर्मियों के साथ बातचीत में राज्य के लोगों को संदेश दिया कि वह फिलहाल चार-पांच दिन नहीं रहेंगी। ऐसे में मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी लोग शांति और सद्भावना के साथ रहें। मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि भले ही वह दूर जा रहीं हैं लेकिन वह दिल से राज्य के लोगों के पास ही हैं। मै उम्मीद करती हूं कि आपलोग ठीक से रहेंगे। वैसे कोई समस्या होगी तो हम लोगों से सम्पर्क करें हम लोग देखेंगे कि क्या करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लम्बे समय के बाद वह देश से बाहर जा रहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे देखा जाए तो लगभग दो दिन तो प्लेन में ही लग जाएगा। वह अपने विदेश दौरे के दौरान काफी व्यस्त रहेंगी कारण ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में व्याख्यान के अलावा वहां कई व्यवसायिक बैठकों भी होगी। मै भले ही कहीं रहें लेकिन वह हर चीज की उनकी नजर रहेगी। ममता के साथ राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत सहित कुछ अन्य शीर्ष अधिकारी और कई पत्रकार भी लंदन यात्रा पर जा रहे हैं। ममता आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने के लिए लंदन की यात्रा पर जा रही हैं। आक्सफोर्ड में ममता का व्याख्यान 27 मार्च को होगा। अपनी यात्रा के दौरान वह राज्य में निवेश के लिए 25 मार्च को लंदन में उद्योगपतियों से भी मुलाकात करेंगी। ममता के 28-29 मार्च को विदेश दौरे से वापस कोलकाता लौटने का कार्यक्रम है।

## भाजपा नेता ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों को गोली मारी, तीनों बच्चों की मौत

**सहारनपुर (उप्र) :** सहारनपुर जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय नेता ने विवाहेतर संबंध के शक में अपनी पत्नी और तीन बच्चों को गोली मार दी जिसमें तीनों बच्चों की मौत हो गई तथा गंभीर हालत में पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सजवान ने बताया कि यह घटना सागाठेड़ा गांव में हुई जब रोहिल्ला ने पुलिस को सूचना दी कि उसने अपने परिवार को गोली मार दी है। एसएसपी ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचने पर रोहिल्ला ने पुलिस को बताया कि वह कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान था, क्योंकि उसे शक था कि उसकी पत्नी पर विवाहेतर संबंध है। अधिकारी ने बताया कि उसकी बेटी श्रद्धा (12) और बेटे देवांश (पांच) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी नेहा (36) और बेटे शिवांश (सात) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि बाद में शिवांश की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई और नेहा को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सजवान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इस बीच, गंगोह विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक किरत सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''मुझे नहीं पता कि घटना किस वजह से हुई। यह दर्दनाक है।''

## अमित शाह का प्रस्तावित बंगाल दौरा स्थगित

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का 29 और 30 मार्च को प्रस्तावित पश्चिम बंगाल दौरा आगामी ईद समारोह के कारण स्थगित कर दिया गया है। इस बात की जानकारी राज्य भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने शनिवार को दी है। सुकांत मजूमदार ने कहा कि शाह का दौरा पहले 29 मार्च को कोलकाता पहुंचने और अगले दिन पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेने का था, लेकिन ईद के कारण यह दौरा अब स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जब नई तारीखों पर योजना बन जाएगी, तो इसका जानकारी सभी को दी जाएगी। बता दें कि यह शाह का इस साल पश्चिम बंगाल का दूसरा दौरा है जो स्थगित हुआ है। जनवरी में भी उनका प्रस्तावित दौरा स्थगित कर दिया गया था।

## जरूरत पड़ी तो बुलडोजर चलाया जाएगा : मुख्यमंत्री फडणवीस ने नागपुर हिंसा पर कहा



**नागपुर :** नागपुर हिंसा को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो बुलडोजर चलाया जाएगा। उनसे जब यह पूछा गया कि क्या नागपुर में हिंसा करने वालों पर 'उत्तर प्रदेश की शैली' में कार्रवाई की जाएगी, तो उन्होंने यह टिप्पणी की। फडणवीस ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार नागपुर हिंसा के दौरान क्षतिग्रस्त हुई संपत्तियों की कीमत दंगाइयों से वसू-लेगी और भुगतान नहीं करने पर उनकी संपत्तियों को जब्त कर बेचा जाएगा। यह पूछे जाने पर कि क्या उत्तर प्रदेश की तर्ज पर नागपुर में भी दंगाइयों के खिलाफ 'बुलडोजर कार्रवाई' की जाएगी, फडणवीस ने कहा, ''महाराष्ट्र सरकार की काम करने की अपनी शैली है...जब आवश्यक होगा, बुलडोजर चलाया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''जहां भी गलत चीजें हो रही हैं, उन्हें कुचल दिया जाएगा। किसी भी (अपराधी) को बख्शा नहीं जाएगा।'' उन्होंने कहा कि हिंसा के दौरान पुलिस अधिकारियों पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फडणवीस ने कहा कि इस घटना को 'खुफिया विफलता' नहीं कहा जा सकता, लेकिन खुफिया जानकारी (एकत्रीकरण) बेहतर हो सकती थी। उन्होंने कहा, ''पुलिस सतर्क रहेगी। हम किसी भी तरह की अशांति बर्दाश्त नहीं करेंगे।'' फडणवीस ने कहा कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण करने के बाद अब तक 104 दंगाइयों की पहचान की गई है और कानून के अनुसार 12 नाबालिगों सहित 92 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान पवित्र आयत लिखी चादर जलाए जाने की अफवाहों के बीच हिंसक भीड़ ने सोमवार शाम नागपुर के कई इलाकों में पथराव और आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया था।






## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 23 मार्च, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, चैत्र कृष्णपक्ष नवमी, 29:39 तक, नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, 28:10 तक, योग : वरीघा, 17:47 तक, सूर्योदय: 5:39, सूर्यास्त: 17:49, चन्द्रोदय : 00:55, चन्द्रास्त: 11:34, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 16:14 से 17:45

## साप्ताहिक : राशिफल
## 23-03-25 से 29-03-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण बना रहेगा। जातक के कार्यों में अभी चुनौतियाँ बनी रह सकती है। कई महत्वपूर्ण कार्यों को आगे बढ़ाने में जातक को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। निरंतर सक्रियता एवं अधिक परिश्रम के बाद परेशानियाँ बनी रह सकती है। इस सप्ताह घरेलू परेशानी एवं जमीन-जायदाद से जुड़ी परेशानियाँ बढ़ सकती है इसलिए सावधानी बनाये रखे। ईस्ट-मित्रों का सहयोग कम मिल सकता है। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी चुनौतियाँ खड़ी कर सकते हैं।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय अभी चुनौतीपूर्ण रहेगा। अधिक सूझ-बूझ के बाद भी जातक के कार्यों में व्यवधान एवं परेशानी बनी रह सकती है। परिवारिक असंतोष के कारण जातक तनाव महसूस कर सकता है। छात्रों के लिए भी समय मिला-जुला रहेगा। पढ़ाई-लिखाई में जातक का मन कम लग सकता है। व्यापार आदि की दृष्टि से स्थितियाँ चुनौतीपूर्ण बनी रह सकती है इसलिए सावधानी बनाये रखे। सरकारी सेवा में लगे जातकों का भी प्रमोशन या अच्छे स्थान पर स्थानानतरण न होने पर जातक चुनौती महसूस कर सकता हैं।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अभी चुनौतीपूर्ण रहेगा। किसी कार्य में प्रगति न होने से जातक दबाव महसूस कर सकता है। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धियों के सक्रिय होने से जातक को परेशानी हो सकती है इसलिए सावधानी बनाये रखे। इस सप्ताह इस राशि के जातक स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखे। अधिक उम्र वाले जातकों को शुगर एवं ब्लड-प्रेशर का सामना करना पड़ सकता है। खिलाड़ियों के लिए भी समय अनुकूल रहेगा। किसी खेल एवं प्रतिस्पर्धा में सफलता न मिलने से जातक तनाव महसूस कर सकता है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय मिला-जुला रहेगा। सप्ताह के प्रांरभ में स्थितियाँ थोड़ी अनुकूल हो सकती हैं लेकिन बाद में स्थितियाँ थोड़ी चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं। इस सप्ताह जातक कई महत्वपूर्ण कार्यों को करने में मानसिक चुनौती का सामना कर सकता है लेकिन सूझ-बूझ एवं अपनी कर्मठता से जातक कार्यों को पटरी पर लाने में सफलता मिल सकती है। घर-परिवार में भी थोड़ी चुनौतीपूर्ण स्थिति बन सकती है लेकिन उसे अनुकूल बनाने में जातक सफल हो सकता है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग अनुकूल रहेगा। जातक के कई महत्वपूर्ण कार्य पटरी पर आ सकते हैं, लेकिन कार्य की अधिकता एवं चुनौतियाँ जातक को थोड़ा तनाव दे सकती है। इस सप्ताह जातक अपनी सूझ-बूझ से अपना महत्व बढ़ाने में सफल हो सकती है। जातक यदि कुछ सीखना या करना चाहेगा तो उसमें भी जातक को सफलता मिल सकती है। छात्रों के लिए भी समय अनुकूल है। पढ़ाई-लिखाई में मन लग सकता है। जातक थोड़ा संर्धष के साथ जातक को सफलता मिल सकती है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग अनुकूल रहेगा। थोड़ी बहुत चुनौतियाँ जातक को तनाव दे सकती है लेकिन जातक के कई महत्वपूर्ण कार्य बनने से जातक को राहत मिल सकती है। इस सप्ताह जातक का मन उत्साहित रहेगा। कोई बड़ा लक्ष्य प्राप्त करने कि दिशा में जातक खूब परिश्रम कर सकता है । घर-परिवार में भी स्थितियों को अनुकूल बनाने में जातक को सफलता मिल सकती है। कार्य-व्यापार में भी थोड़ी बहुत चुनौतियाँ बन सकती है लेकिन जातक अपनी सूझ-बूझ से उन चुनौतियों को अनुकूल बनाने में सफल हो सकती है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। जातक को घूमने-फिरने का अवसर मिल सकता है। जातक यदि चाहेगा तो देश-विदेश की यात्रा का भी योग बन सकता है। प्रेम संबंधों में भी प्रगाढ़ता आ सकती है। एक-दूसरे के प्रति लगाव बढ़ सकता है। घर-परिवार में कोई मंगलिक कार्य संपन्न हो सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह उत्तम है। बाजार एवं शेयर मार्केट में पूंजी निवेश करने से लाभ मिल सकता है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। किसी बड़े लक्ष्य की प्राप्ति दिशा में जातक सक्रिय हो सकता है। कोई बड़ी कार्य-योजना का विस्तार भी जातक कर सकता है। जमीन-जायदाद खरीदने का भी योग बन सकता है। सेना, पुलिस या प्रसांशनिक सेवा में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है। प्रमोशन या किसी बड़े पद पर कार्य करने का अवसर जातक को मिल सकता है। खिलाड़ियों के लिए समय अनुकूल है किसी खेल-प्रतिस्पर्धा में बड़ी विजय जातक को मिल सकती है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा यद्यपि संघर्ष और प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है लेकिन जातक अपनी सक्रियता से कई चुनौतीपूर्ण कार्यों को अनुकूल बनाने या पटरी पर लाने में सफल हो सकता है। इस सप्ताह आर्थिक चुनौतियाँ हो सकती है लेकिन उन चुनौतियों को कम करने एवं परटी पर लाने में जातक सफल हो सकता है। कई महत्वपूर्ण कार्यों का विस्तार करने में जातक को थोड़ी बहुत चुनौतियाँ आ सकती है लेकिन जातक उन चुनौतियों से निकलने में सफल हो सकता है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। जातक सक्रिय बना रह सकता है। शनि की उतरती शाढ़े-शाती जातक को कोई बड़ा लाभ दे सकता है। इस सप्ताह जातक अपनी सूझ-बूझ एवं कर्मठता से कोई महत्वपूर्ण कार्य करने में सफल हो सकता है। समाजिक कार्यों से जुड़े जातकों के लिए समय अनुकूल है। अपनी समाजिक प्रतिष्ठा बढ़ाने में जातक सफल हो सकता है। छात्रों के लिए भी समय अनुकूल है। पढ़ाई-लिखाई में मन लग सकता है। किसी महत्वपूर्ण परिक्षा में जातक को सफलता मिल सकती है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला बना रहेगा। कई महत्वपूर्ण कार्य-योजनाओं में जातक को सफलता मिल सकती है लेकिन अधिक संघर्ष एवं चुनौतियाँ जातक पर थोड़ा दबाव बना सकती है। निर्माण कार्यों में लगे जातकों के लिए समय लगभग अनुकूल रहेगा। ठेकेदारी आदि के कार्यों में लगे जातकों को धनार्जन करने में सफलता मिल सकती है। निरंतर सक्रियता और अधिक परिश्रम से जातक कुछ चुनौतीपूर्ण कार्यों को पटरी पर ला सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह उत्तम है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा लेकिन चुनौतीपूर्ण स्थिति बनी रह सकती है। जहाँ एक तरफ घरेलू सुख-सुविधा में वृद्धि हो सकती है वहीं दूसरी तरफ कार्य की अधिकता जातक को तनाव दे सकती है। इस सप्ताह विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी भी सक्रिय हो सकते है लेकिन जातक अपनी दूर-दृष्टि से उन स्थितियों को पटरी पर लाने में सफल हो सकता है। जातक की लोक-प्रियता में भी वृद्धि हो सकती है।

# कौशल विकास से ही विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त होगा : राजस्थान के उपमुख्यमंत्री



**जयपुर :** राजस्थान के उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री प्रेम चंद बैरवा ने शनिवार को कहा कि कौशल विकास से ही विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त होगा और युवा प्रतिभा के साथ न्याय भी हो सकेगा। उन्होंने कहा, 'कौशल शिक्षा और कौशल विकास से न केवल रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि भारत को विनिर्माण हब बनाने की दिशा में भी कारगर कदम उठाये जा सकेंगे।' यहां भारतीय कौशल विकास विश्वविद्यालय (बीएसडीयू) के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए बैरवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'नए भारत' की परिकल्पना को साकार करने में कौशल शिक्षा की बड़ी भूमिका है, जिस पर राज्य सरकार भी पूरा ध्यान केंद्रित कर रही है। बैरवा ने कहा कि कौशल शिक्षा में बीएसडीयू जैसा विश्व स्तरीय परिसर प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने एक बयान में कहा कि राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को गति देने के लिए पिछले वर्ष आयोजित 'राइजिंग राजस्थान समिट' में 35 लाख करोड़ के 'एमओयू' के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा की जा रही है जिसमें अक्षय ऊर्जा में भी बड़ा निवेश किया गया है और आने वाले समय में प्रदेश में इस क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

## झारखंड के चतरा में मां और जुड़वां बच्चों के जले हुए शव मिले



**चतरा :** झारखंड के चतरा जिले में एक घर में 22 वर्षीय एक महिला और उसके जुड़वां बच्चों के जले हुए शव मिले। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रतापपुर थाना क्षेत्र के करिहारा गांव में शुक्रवार रात को शव बरामद किए गए। प्रतापपुर थाने के प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया, 'जांच से पता चलेगा कि क्या उनकी मौत दुर्घटनावश हुई है या ये आत्महत्या या फिर किसी के द्वारा उनकी हत्या करने का मामला है।' उन्होंने बताया कि मृत महिला का पति दिल्ली में रहता है और वहां श्रमिक के तौर पर काम करता है।

## बलिया में नाबालिग छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

**बलिया :** उत्तर प्रदेश की बलिया पुलिस ने 10वीं कक्षा की एक छात्रा का अपहरण कर उससे दुष्कर्म करने के आरोप में एक शिक्षक को शनिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने दर्ज प्राथमिकी के हवाले से बताया कि उभांव थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी 10वीं कक्षा की छात्रा 25 फरवरी को परीक्षा देने के लिए अपने घर से निकली थी, लेकिन स्कूल के पूर्व शिक्षक अजय चौहान ने शिक्षक प्रियांशु यादव और संदीप शुक्ला की मदद से उसका कथित तौर पर अपहरण कर लिया। उसने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर अजय चौहान, प्रियांशु यादव और संदीप शुक्ला के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत अपहरण के आरोप में मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने शनिवार शाम बताया कि पुलिस ने तीन दिन पहले थाना क्षेत्र के एक स्थान से छात्रा को मुक्त करा लिया। थाना प्रभारी के मुताबिक, किशोरी ने पुलिस को बयान दिया कि शिक्षक अजय चौहान उसे अगवा कर दिल्ली ले गया तथा उससे दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि किशोरी के बयान के आधार पर मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की दुष्कर्म की धारा और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की सुसंगत धारा जोड़ दी गई है।

## सिर्फ जनसंख्या के आधार पर परिसीमन निष्पक्ष और न्यायसंगत नहीं हो सकता : हेमंत सोरेन

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि केवल जनसंख्या के आधार पर परिसीमन निष्पक्ष और न्यायसंगत नहीं हो सकता है। सोरेन ने लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन के मुद्दे पर राजनीतिक और कानूनी कार्य योजना तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने की द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की मांग का समर्थन किया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मैं आज तमिलनाडु के माननीय मुख्यमंत्री श्री एमके स्टालिन जी द्वारा परिसीमन के मुद्दे पर बुलाई गई बैठक का स्वागत करता हूं। केवल जनसंख्या के आधार पर परिसीमन निष्पक्ष और न्यायसंगत नहीं हो सकता है।' परिसीमन पर पहली संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) की बैठक में स्टालिन ने कहा कि अगली जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का जनसंख्या आधारित परिसीमन कुछ राज्यों को बहुत प्रभावित करने वाला है। चेन्नई में स्टालिन द्वारा बुलाई गई बैठक में केरल, पंजाब और तेलंगाना के



मुख्यमंत्रियों क्रमशः पिनराई विजयन, भगवंत मान और ए रेवंत रेड्डी, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के वरिष्ठ नेता केटी रामाराव व अन्य नेता शामिल हुए। दिन में सोरेन ने पत्रकारों से यह भी कहा कि झारखंड में आरक्षित आदिवासी सीटों की संख्या कम करने के प्रयास पहले भी किए गए थे, लेकिन यह कदम टाल दिया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ने कहा, 'अब इस मामले पर चर्चा की जाएगी। हम अपनी आगे की रणनीति तय करेंगे।'

## रांची में बंद से आम जनजीवन प्रभावित



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में 'सरना स्थल' (आदिवासियों के धार्मिक स्थल) के पास फ्लाईओवर के निर्माण के विरोध में शनिवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों के कार्यकर्ताओं की ओर से बुलाए गए 18 घंटे के बंद के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख सड़कों को अवरूद्ध किया, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। उन्होंने सड़कों पर टायर जलाए और शहर के बाजार बंद करा दिए। आदिवासी संगठन सिरम टोली में बनाए जा रहे 'रैंप' को हटाने की मांग कर रहे हैं। उनका दावा है कि इससे धार्मिक स्थल तक पहुंच बाधित होती है और वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण इसकी पवित्रता भंग हो सकती है। शहर के हिनू और अरगोड़ा सहित विभिन्न इलाकों में प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हुई। परीक्षार्थियों और पत्रकारों ने दावा किया कि प्रदर्शनकारियों ने उन्हें परेशान किया। प्रदर्शनकारियों ने हरमू, कांके, हिनू, कोकर-लालपुर, कांटाटोली और अन्य सड़कों पर बांस के डंडे व टायर जलाए, जिससे वहां यातायात बाधित रहा। आदिवासी संगठनों का बंद सुबह छह बजे शुरू हुआ। रांची में टिटला चौक के पास प्रदर्शनकारियों ने रांची-लोहरदगा रोड को जाम कर दिया। बंद के कारण सार्वजनिक परिवहन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ। शहर में बसें और ऑटो-रिक्शा सड़कों से नदारद दिखीं। यात्रियों ने मोबाइल ऐप-आधारित टैक्सी बुक करने में भी मुश्किलें पेश आने की बात कही। रेलवे और विमानन सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले यात्रियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ा, क्योंकि सीमित परिवहन विकल्पों के कारण उनके लिए रेलवे स्टेशन या हवाई अड्डे तक पहुंचना मुश्किल हो गया।

## सौरभ राजपूत की क्रूरता से हत्या करने के बाद शव के कई टुकड़े किये गए: पोस्टमार्टम से खुलासा



मेरठ (उप्र) : मर्चेंट नेवी के पूर्व अधिकारी सौरभ राजपूत के पोस्टमार्टम से पता चला है कि उनकी किस अत्यंत क्रूरता से हत्या की गई थी तथा उनकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला ने कथित तौर पर उनके शव के कई टुकड़े किये थे। पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकों ने बताया कि सौरभ राजपूत के दिल पर तीन बार बहुत जोर से वार किया गया था, जो लगातार और हिंसक हमले का संकेत है। उन्होंने कहा, 'एक धारदार लंबे चाकू से दिल पर बहुत जोर से वार किया गया था, क्योंकि चाकू के वार दिल के बहुत अंदर तक गए थे।' पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर बताया कि सौरभ राजपूत के दिल पर तीन वार किए गए थे। उन्होंने बताया कि मुस्कान ने सौरभ के दिल में बेरहमी से चाकू घोंपा। उन्होंने बताया कि सौरभ राजपूत का दिल चीरने के बाद उसके गर्दन और दोनों हथेलियों को काटा गया। उन्होंने बताया कि शव को ड्रम में घुसाने के लिए उसके चार टुकड़े किए गए थे। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण सदमा और रक्तस्राव बताया गया है। वहीं पोस्टमार्टम करने वाली चिकित्सीय टीम के एक सदस्य ने बताया कि शव को ड्रम में डालकर डस्ट और सीमेंट डालकर उसमें ऊपर तक पानी भरा गया था। उन्होंने बताया कि इससे शव सीमेंट के बीच में जम गया था और हवा न जा पाने के कारण शव सड़ी हालत में नहीं था, उसमें दुर्गंध भी कम आ रही थी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम हाउस में ड्रम को कटर से काटा गया और फिर जमे हुए सीमेंट को काटकर उसमें से शव निकाला गया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि सौरभ और मुस्कान ने 2016 में अपने परिवार की मर्जी के खिलाफ प्रेम विवाह किया था। पुलिस ने बताया कि सौरभ के परिवार ने आरोप लगाया है कि मुस्कान का व्यवहार खराब था। पुलिस के अनुसार सौरभ के परिवार ने आरोप लगाया है कि मुस्कान घर के कामों में लापरवाही बरतती थी और कथित तौर पर नशीली दवाओं का सेवन करती थी।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान: झोपडी में आग लगने से पांच महीने के बच्चे की मौत

**जयपुर :** राजस्थान के पाली जिले में शनिवार को एक झोपडी में आग लगने से पांच महीने के बच्चे की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नाना थाना प्रभारी रतन सिंह देवड़ा ने बताया कि जिस समय झोपड़ी में आग लगी, उस वक्त बच्चे के माता-पिता खेत में काम पर गए हुए थे। उन्होंने बताया कि हादसे में पांच महीने के बच्चे मनोज की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया और इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### राजस्थान सरकार ने पेपर लीक मामले में निलंबित पटवारी को बर्खास्त किया

**जयपुर :** राजस्थान सरकार ने पेपर लीक मामले में निलंबित दौसा जिले के पटवारी को बर्खास्त कर दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एटीएस-एसओजी) वीके सिंह ने बताया कि आरोप सिद्ध होने के बाद दौसा जिलाधिकारी देवेंद्र कुमार ने शुक्रवार को पटवारी हर्षवर्धन मीणा को सेवा से बर्खास्त कर दिया। सिंह ने बताया, 'जेईएन भर्ती परीक्षा 2020 के प्रश्नपत्र लीक मामले में गिरफ्तारी से पहले दौसा जिले के महवा में पटवारी के पद पर रहे हर्षवर्धन मीणा के खिलाफ तीन आरोपों की जांच पूरी होने के बाद शुक्रवार को दौसा जिलाधिकारी देवेंद्र कुमार ने उसे बर्खास्त कर दिया।' अधिकारी ने बताया कि हर्षवर्धन दो जनवरी 2024 से ड्यूटी से अनुपस्थित था। उसे पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) जयपुर ने 18 फरवरी 2024 को पेपर लीक मामले में उत्तर प्रदेश में भारत-नेपाल सीमा से गिरफ्तार किया था।

### उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में तेज आंधी में ईंट गिरने से महिला की मौत

**शाहजहांपुर :** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में तेज आंधी के दौरान एक महिला के ऊपर ईंट गिरने से उसकी मौत हो गयी। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उप जिलाधिकारी (एसडीएम) दुर्गेश यादव ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि थाना जलालाबाद क्षेत्र के अमापुर अमेला गांव की निवासी संगीता (40) अपने पति के साथ टिन शेड के नीचे सरसों की फसल को बोरों में भर रही थी इसी बीच तेज आंधी आ गई जिसके चलते टिन शेड उड़ गया। उन्होंने बताया कि शेड के ऊपर रखी ईंटें महिला पर गिर जाने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर तत्काल ही नायब तहसीलदार व पुलिस मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने बताया कि महिला की मौत होने पर दैवीय आपदा के तहत नियमानुसार मिलने वाली धनराशि उसके परिजनों को दी जाएगी।

### बिहार में मुठभेड़ के दौरान हत्या के मामलों में वांछित अपराधी मारा गया

**अररिया :** बिहार के अररिया जिले में शनिवार तड़के पुलिस मुठभेड़ में हत्या के कई मामलों में वांछित एक अपराधी मारा गया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस अपराधी पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी)-एसटीएफ कुंदन कृष्णन ने बताया कि नरपतगंज इलाके में शनिवार सुबह करीब चार बजे हुई मुठभेड़ में चार पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि अपराधी की पहचान चुनमुन झा उर्फ राकेश झा के रूप में हुई है जो भोजपुर और पूर्णिया जिलों में आभूषणों के शोरूम में लूटपाट के कई मामलों में वांछित था। वह 10 मार्च को भोजपुर जिले के आरा में 'ब्रांडेड' आभूषणों के एक शोरूम में हुई डकैती के मामले में भी वांछित था।

### राजस्थान के दौसा में पुजारी ने दूसरे पुजारी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी

**जयपुर :** राजस्थान के दौसा जिले के लालसोट थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम की आरती के दौरान एक मंदिर के पुजारी की दूसरे पुजारी ने कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी श्रीकृष्ण मीणा ने बताया कि मंदिर में वर्चस्व को लेकर दो पुजारियों के बीच झगड़ा हुआ था और शुक्रवार को शाम की आरती के दौरान दोनों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया जिसमें एक पुजारी की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना के बाद आरोपी फरार हो गया लेकिन पुलिस ने उसे मंदिर से 18 किलोमीटर दूर पकड़ लिया। थाना प्रभारी ने बताया, 'शुक्रवार शाम पंचमुखी बालाजी मंदिर में आरती हो रही थी। आरोप है कि आरती के दौरान मंदिर के पास रहने वाले पुजारी शिवपाल दास (30) ने परशुराम दास महाराज (60) पर चाकू से हमला कर दिया।'

## आठ वर्षों में कार्मिक विभाग ने मिशन रोजगार को दी रफ्तार: उत्तर प्रदेश सरकार

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले आठ वर्षों में राज्य में 7.5 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां सृजित की गई हैं। एक बयान के मुताबिक इस अभियान में कार्मिक विभाग ने भी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोले। इसमें कहा गया, 'उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) के माध्यम से पिछले आठ वर्षों में करीब 95 हजार अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जो सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' बयान के मुताबिक कि कोविड-19 महामारी के दौरान भी उत्तर प्रदेश सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को जारी रखा। इसमें कहा गया, 'यूपीपीएससी ने एक अप्रैल 2017 से 20 मार्च 2025 तक 48,593 अभ्यर्थियों का चयन किया। सर्वाधिक 13,893 अभ्यर्थियों का चयन 2019-20 में किया गया जबकि 2024-25 में अब तक 1,918 अभ्यर्थियों का चयन किया जा चुका है।' बयान में कहा, 'इसी अवधि में यूपीएसएसएससी ने 46,032 अभ्यर्थियों का चयन किया।' इसमें कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवंबर 2020 से नवंबर 2024 तक चार वर्षों में 35 नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रमों के जरिए नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। यही नहीं, भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और तेज बनाने के लिए 'ई-अधियाचन' पोर्टल की शुरुआत की गई, जिससे समूह क, ख और ग के पदों पर चयन प्रक्रिया में तेजी आई।

## वर्ग पहेली नं. 3040

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | ■ | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | ■ | |
| 24 | | ■ | 25 | 26 | | ■ | 27 | | |
| | ■ | 28 | | | ■ | 29 | | ■ | |

➲ *बायें से दायें:-* 2) सर्वज्ञात; एक फल, 4) ख़ानाबदोश, 7) जमावड़ा, 9) रखवाला, 10) आर्य समाज वर्ग; अक्षर, 11) एक जग-प्रसिद्ध यातायाती समुद्री नहर, 13) भुजंगभोजी; नकुल, 14) मौलिक *(अधिकार)*; आधारभूत, 16) लवण, 18) अनखिला फूल, 19) छाप; प्रभाव, 20) आधार; बैसाखी *(अपाहिज के लिए)*; सहयोग, 22) समस्यापूर्ति; निपटारा; खुलासा, 23) पकड़ना, 24) धनाढय, 25) मयूरी, 27) बघार, 28) अनुचित, 29) उत्साह; नशा; लगन; सनक.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) मृत्यु, 2) वर्तमान दिन, 3) पानी *(बच्चों की भाषा)*, 4) टाँग के बीच का जोड़, 5) एक दल-हन, 6) औचक, 8) चार सौ बीसी; घोटाला; गोल-माल, 12) सामान्य, 13) सज्जन; सदाचारी, 15) ओझा, 17) स्वेच्छाचार; हेकड़ी, 18) एक गहना जो कमर में पहना जाता है; मेखला, 19) अमूल्य, 20) पारंपरिक; अत्यंत प्राचीन, 21) राज्य प्रशासन, 22) सुहागिन, 26) व्यग्र; मग्न.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | ■ | बे | ला | ■ | का | ली | न | ■ | ऐ |
| र्य | ■ | स | ज | धा | ज | ■ | ग | ह | रा |
| वे | त | न | ■ | व | ल | य | ■ | ■ | व |
| क्ष | ■ | ■ | क | ल | ■ | शो | ह | र | त |
| क | ट | धा | रा | ■ | अं | धा | ■ | ■ | ■ |
| ■ | प | ■ | मा | त्रा | ■ | रा | म | दा | स |
| श | रा | र | त | ■ | ना | ■ | ट | ■ | त |
| गू | ■ | सी | आ | व | श्य | क | ■ | ■ | ल |
| फा | ■ | द | म | न | ■ | ■ | ना | रा | ज |

➲ शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-3000

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 5 | | | | | | 8 |
| | | | | 2 | 1 | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | 4 | | | | 5 | 3 |
| 7 | 9 | | | 6 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | | | | 6 | 1 | |
| 4 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | 2 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2999 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 9 | 4 | 3 | 7 | 8 | 6 | 1 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 6 | 7 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 6 | 2 | 1 | 8 | 9 | 5 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 4 | 3 | 8 | 6 | 9 | 5 | 2 | 7 |
| 2 | 6 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 4 | 1 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 1 | 7 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 | 7 | 3 |

# महिलाओं को बार में काम करने की अनुमति देने के खिलाफ भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन

❑ भाजपा महिला मोर्चा द्वारा कॉलेज स्क्वायर से आबकारी विभाग के कार्यालय तक निकाला गया मार्च

❑ राज्य सरकार पर महिलाओं को शराब दुकानों में काम के लिए प्रोत्साहित करके अपमान करने का लगाया आरोप

**कोलकाता :** राज्य में ममता सरकार द्वारा हाल ही में 116 साल पुराने कानून में बदलाव कर बार में महिलाओं को काम करने की अनुमति देने संबंधी विधेयक विधानसभा से पारित कराए जाने के निर्णय के खिलाफ विपक्षी भाजपा ने शनिवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश




भाजपा महिला मोर्चा की तरफ से दोपहर में कॉलेज स्क्वायर से लेकर बउबाजार स्थित आबकारी विभाग के कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला गया, जिसका नेतृत्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ सुकांत मजूमदार ने किया। मार्च में बड़ी संख्या में शामिल महिला कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय के विरुद्ध ममता सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में प्रदेश भाजपा की महासचिव व विधायक अग्निमित्रा पाल सहित अन्य महिला नेता उप-स्थित थीं। इस दौरान, आबकारी कार्यालय का घेराव भी किया गया और राज्य सरकार से इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की गई।

इस दौरान, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने इस कानून को निंदनीय बताते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार की सुविधा मिले और पुरुषों और महिलाओं को समान रूप से आगे बढ़ने का अवसर मिले, लेकिन इस तरीके से नहीं। मजूमदार ने राज्य सरकार के इस कदम पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर हम आरजीकर अस्पताल में एक सिक्योर माहौल में भी महिला डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर होते देख सकते हैं, तो फिर एक बार में काम करने वाली महिला की सुरक्षा क्या होगी? हम पार्क स्ट्रीट कांड को भूल गए क्या? उनका यह बयान राज्य सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल उठाता है।

वहीं, भाजपा नेता रूपा गांगुली ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम के हालिया बयान, जिसमें उन्होंने कहा था कि महिलाओं को रात में बाहर निकलने से बचना चाहिए। लेकिन अब महिलाएं बार में काम करेंगी? वह बंगाल की महिलाओं के लिए किस तरह का भविष्य बना रही हैं? ये विधेयक उन्ही के बयानों के खिलाफ है। गांगुली ने कहा कि सीएम बनर्जी खुद बहुत सी गलत बातें कहती हैं, जो एक महिला और मुख्यमंत्री के तौर पर उनके लिए शोभा नहीं देती।

भाजपा विधायक अग्निमित्रा पाल ने राज्य सरकार के इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि यह सरकार महिलाओं को शराब की दुकानों में काम करने के लिए प्रोत्साहित करके उनका अपमान कर रही है। पाल ने सवाल किया कि क्या यह महिला सशक्तीकरण है? क्या बार में शराब परोसने से महिलाएं सशक्त होंगी? हम इस तरह का सशक्तीकरण नहीं चाहते। हम इस कदम का विरोध करेंगे।

## गर्व की बात है कि ममता बनर्जी ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय जा रही हैं : राज्यपाल

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने शनिवार को कहा कि यह गर्व की बात है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व्याख्यान देने के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय जा रही हैं। राज्यपाल बोस ने यहां 'सीआईआई' की बैठक के मौके पर संवाददाताओं से कहा कि अगर बंगाल में कुछ भी अच्छा होता है तो हमें खुशी होती है। साथ ही हमें इस बात पर गर्व है कि मुख्यमंत्री ऑक्सफोर्ड जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि रवींद्रनाथ टैगोर की धरती से ताल्लुक रखने वाली मुख्यमंत्री को वहां आमंत्रित किया गया है।

## नारकेलडांगा में कागज की फैक्ट्री में लगी भीषण आग, घटनास्थल पर पहुंची 7 दमकल की गाड़ियां

**कोलकाता, समाज्ञा :** नारकेलडांगा स्थित एक कागज बनाने वाली फैक्ट्री में शनिवार की सुबह अचानक भीषण आग लग गई। घटनास्थल पर पहुंची दमकल की सात गाड़ियों ने तत्काल आग बुझाने का कार्य शुरू किया। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह एक कागज की बॉक्स बनाने वाली फैक्ट्री से काले धुएं का गुबार उठता देखा गया, जिसके कुछ समय बाद आग की लपटें भी नजर आने लगीं। फैक्ट्री के ऊपर के फ्लैट्स में कई निवासी रहते थे, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग जल्दबाजी में अपने फ्लैट्स से बाहर निकल आए। दमकल कर्मचारियों को आग बुझाने में थोड़ी कठिनाई



का सामना करना पड़ा, क्योंकि फैक्ट्री एक घनी आबादी वाले इलाके में स्थित थी। आग बुझाने के प्रयास के दौरान दो दमकल कर्मी घायल हो गए। हालांकि, कुछ घंटे की मेहनत के बाद आग को काबू में किया गया। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि फैक्ट्री में उचित अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का अभाव था, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

## भांगड़ में जमीन विवाद सुलझाने पहुंचे पुलिसकर्मियों पर स्थानीय लोगों ने किया हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में एक बार फिर पुलिस पर हमला हुआ है। इस बार यह घटना भांगड़ के पोलेरहाट इलाके की है, जहां जमीन से संबंधित विवाद को सुलझाते समय पुलिस पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस ने जब आरोपितों को गिरफ्तार करने की कोशिश की, तो स्थानीय लोगों ने आरोपियों को बचाते हुए घटनास्थल पर हंगामा मचा दिया। भांगड़ के पोलेरहाट स्थित नटापुकुर इलाके में रशीद मोल्ला, नसीरुद्दीन मोल्ला और जाहंगीर मोल्ला के बीच जमीन विवाद चल रहा था। इस सूचना के आधार पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि जब पुलिस आरोपियों को अपनी गाड़ी में डालने लगी, तो स्थानीय लोग बेकाबू हो गए और आरोपितों को



पुलिस से छीनने की कोशिश की। इस दौरान एक कांस्टेबल पर हमला किया और पुलिस की गाड़ी को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई। इस घटना के बाद पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों का कहना है कि इस घटना की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही इस घटना में शामिल सभी लोगों को पहचाना जाएगा और गिरफ्तार किया जाएगा। यह पहली बार नहीं है, जब पुलिस पर हमला हुआ हो। इससे पहले राज्य के बीरभूम, हुगली और मेदिनीपुर में भी पुलिस पर हमले की घटनाएं हो चुकी हैं।

## चार अंगुल जमीन के लिए छोटे भाई ने की बड़े भाई की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के मटिया थाना क्षेत्र के इलाके में जमीन विवाद को लेकर एक भाई ने अपने बड़े भाई की पीट-पीटकर हत्या कर दी। यह घटना मटिया थाना क्षेत्र के कचुआ ग्राम की है। मृतक का नाम हराधन मंडल (30) है। मिली जानकारी के अनुसार, जमीन को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद चल रहा था। दोनों भाइयों के घर एक-दूसरे के बिल्कुल पास थे। दोनों घर उसी बंटवारे वाली जमीन पर बने हुए थे। लेकिन आरोप है कि हराधन मंडल ने चार अंगुल ज्यादा जमीन ले ली थी। लगभग एक साल से दोनों परिवारों के बीच इस बात



पर विवाद चल रहा था। इस बीच शुक्रवार को फिर दोनों परिवारों के बीच विवाद हुआ। हराधन मंडल और पार्थ मंडल के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद, रात को पार्थ ने बांस से हराधन को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। हराधन को बचाने गए उसके पिता और पत्नी भी घायल हो गए। रक्तरंजित हालत में हराधन को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल मृतक के पिता और पत्नी को बारासात जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी पार्थ मंडल और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को दोनों आरोपी को बशीरहाट महकमा अदालत में पेश किया गया।

## कोलकाता में 'अधिनायक अभिषेक जय हे' के बाद अब 'ममता सर्वाधिनायिका जय हे' के लगे होर्डिंग

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता में कई जगहों पर तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से 'अधिनायक अभिषेक जय हे' के बाद अब टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी की फोटो के साथ 'सर्वाधिनायिका जय हे' के होर्डिंग लगाए गए हैं। यहां अधिनायक का अर्थ कप्तान से है, जबकि सर्वाधिनायिका का मतलब शीर्ष कप्तान है। सियासी जानकारों के मुताबिक, दरअसल यह दर्शाता है कि पार्टी सुप्रीमो व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अभी भी पार्टी में सर्वेसर्वा हैं। उनके बाद ही पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व उनके सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी का स्थान है। उल्लेखनीय है कि ममता बनर्जी ने गुरुवार को राज्य सचिवालय नवान्न में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी और अभिषेक उनके लंदन दौरे के दौरान पार्टी के कामकाज की देखरेख करेंगे। अभिषेक को यह पद मिलने के बाद वे सड़कों पर उतरे और नया उत्साह दिखाया, समर्थक उन्हें अधिनायक कहने लगे। चर्चा शुरू होने के बीच अब सर्वाधिनायिका ममता जय हे के होर्डिंग दिखाई दिए हैं जो बताता है कि पार्टी की बागडोर अभी भी ममता के हाथ में है।

## मिरिक में खाई में कार गिरने से एक की मौत, पांच घायल

**सिलीगुड़ी :** मिरिक के निकट गयाबाड़ी में शनिवार को एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी। इस घटना में कार में सवार एक यात्री की मौत हो गई जबकि पांच घायल हो गए है। मृतक का नाम तर्के लामा है। घायलों के नाम गणपत प्रसाद, इस्लामुद्दीन अंसारी, ननका आलम, राजू छेत्री व दो अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह करीब 8 बजे एक कार यात्रियों को लेकर मिरिक से सिलीगुड़ी की ओर आ रही थी। तभी गयाबाड़ी क्षेत्र में मोड़ लेते समय कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। खाई में गिरने से तर्के लामा नामक यात्री की मौके



पर ही मौत हो गयी। जबकि घायलों को आनन-फानन में बरामद कर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज गति से मोड़ लेने के कारण यह हादसा हुआ है। घटना में बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया है। घटना की सूचना पाकर गयाबाड़ी चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## स्कूल भर्ती घोटाला : दो और लोगों के गोपनीय बयान जल्द हो सकते हैं दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दो और लोगों के गोपनीय बयान दर्ज करने की तैयारी में है। इन बयानों को इस महीने न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किया जा सकता है। संभावित तारीखें 26 मार्च और 31 मार्च तय की गई हैं। सूत्रों के अनुसार, ये दोनों व्यक्ति ईडी से संपर्क कर अपने गोपनीय बयान दर्ज कराने की इच्छा जता चुके हैं। हालांकि, ईडी ने इन दोनों व्यक्तियों की पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी है। यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है कि वे मामले में आरोपित हैं या गवाह। इससे पहले, पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के पूर्व महासचिव पार्थ चटर्जी के दामाद कल्याणमय भट्टाचार्य ने मामले में सरकारी गवाह बनने की अर्जी दी थी। इस हफ्ते की शुरुआत में कोलकाता के मुख्य महानगर दंडाधिकारी की अदालत में उनका गोपनीय बयान दर्ज किया गया था। इसके बाद, धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत ने उन्हें आरोपमुक्त करने की अनुमति दे दी।

## मेरी हत्या के लिए जेल में बंद एक अपराधी को दी गई हत्या की सुपारी : अधीर चौधरी

**मुर्शिदाबाद :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद अधीर रंजन चौधरी ने राज्य पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि एक पुलिस अधिकारी ने जेल में बंद एक अपराधी को उनकी हत्या की सुपारी दी थी। यह अधिकारी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के कारण उन्हें खत्म करना चाहता था। अधीर रंजन ने आरोप में कहा कि उनकी हत्या का प्रयास किया गया है। अधीर रंजन ने पुलिस अधीक्षक को लेकर सनसनीखेज आरोप लगाया है। पत्रकारों से बात करते हुए अधीर रंजन चौधरी ने बताया कि मुर्शिदाबाद के एक पुलिस अधीक्षक ने जेल में बंद एक अपराधी को मेरी हत्या करने की सुपारी दी थी। इसके लिए जेल में पूछताछ के नाम पर उस पर तरह-तरह से दबाव बनाया गया।। सुपारी देने वाला व्यक्ति अब तृणमूल कांग्रेस पार्टी में है। उनकी योजना थी कि पहले उसे जेल से रिहा किया जाता और फिर मेरी हत्या कर वापस जेल में डाल दिया जाता। यही सारी व्यवस्था तैयार की गई थी। लेकिन, अधीर रंजन ने उस पुलिस अधिकारी का नाम नहीं बताया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वह कोई झूठी अफवाह नहीं फैला रहे हैं। अधीर रंजन चौधरी ने यह बात भी कह डाली कि यह एक वास्तविक घटना है।

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना सं.: पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/एचडब्ल्यूएच/ई-प्रोक्योरमेंट/25/15, दिनांक: 20/03/2025।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से पीसीएमएम/चिरेका/हावड़ा निम्नलिखित सामग्रियों की आपूर्ति के लिए स्थापित विश्वसनीय निर्माता से इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित करते हैं। निम्नलिखित ई-निविदा/निविदाएँ विद्युत रेल इंजन के निर्माण के लिए सामग्रियों की आपूर्ति हेतु हैं। प्रत्याशित/संभावित आपूर्तिकर्ताओं से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने का अनुरोध किया जाता है। ये ई-निविदाएँ हैं; इन निविदाओं के लिए किसी भी परिस्थितियों में मैनुअल प्रस्ताव बोलियाँ स्वीकार नहीं की जाएंगी; केवल इलेक्ट्रॉनिक प्रस्ताव बोलियाँ ही स्वीकार की जाएंगी। विस्तृत निर्देशावलियों के लिए कृपया वेबसाइट का अवलोकन करें। **क्रम संख्या; निविदा संख्या; भंडारों का विवरण; मात्रा; नियत तारीख; निविदा की कीमत** निम्नलिखित हैं: **[050]; 14242505सी;** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0009/सी के अनुसार प्राइमरी वोल्टेज ट्रांसफॉर्मर। [मात्रा सहनशीलता (±): 5%, आयटम की श्रेणी: सामान्य, कुल पीओ मूल्य भिन्नता की अनुमतिः अधिकतम 8 लाख]; **निविदा/दस्तावेज के अनुसार; 08/04/2025;** रु. 0.00। **[051]; 14242543डी; (1)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0096/एल के अनुसार ऑक्जीलरी कंटैक्ट के साथ एसी सर्किट ब्रेकर 41ए, 3 पोल (टाइप-16) 02 संख्यक (02 संख्यक एसी सर्किट ब्रेकरों के साथ 02 संख्यक ऑक्जीलरी कंटैक्ट युक्त एक सेट 02 अदद), **(2)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/ 0037/एच के अनुसार ऑक्जीलरी कंटैक्ट (टाइप-1) के बगैर सर्किट ब्रेकर 6ए अथवा 10ए, **(3)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ ईएस/3/0037/एच के अनुसार ऑक्जीलरी कंटैक्ट (टाइप-2) के बगैर सर्किट ब्रेकर, **(4)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0037/एच के अनुसार ऑक्जीलरी कंटैक्ट (टाइप-3) के बगैर सर्किट ब्रेकर, **(5)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0096/एल के अनुसार ऑक्जीलरी कंटैक्ट के साथ एसी सर्किट ब्रेकर 63ए, 3 पोल (टाइप-17) 02 संख्यक (04 संख्यक एसी सर्किट ब्रेकरों के साथ 04 संख्यक ऑक्जीलरी कंटैक्ट युक्त एक सेट 02 अदद), **(6)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0096/एल के अनुसार ऑक्जीलरी कंटैक्ट के साथ एसी सर्किट ब्रेकर 6ए अथवा 10ए, 3 पोल (टाइप-18) 02 संख्यक (**i**. 07 संख्यक एसी सर्किट ब्रेकरों के साथ 06 संख्यक ऑक्जीलरी कंटैक्ट युक्त एक सेट 02 अदद, **ii**. लोको में एसी सिस्टमों में फीटिंग के लिए 01 संख्यक एसी सर्किट ब्रेकर तैयार किया जाएगा), **(7)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0096/एल के अनुसार एसी सर्किट ब्रेकर 6ए अथवा 10ए, 1 पोल (टाइप-20) (सिर्फ 02 संख्यक एसी सर्किट ब्रेकर युक्त एक सेट), **(8)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0096/एल के अनुसार ऑक्जीलरी कंटैक्ट के साथ एसी सर्किट ब्रेकर 16ए, 3 पोल (टाइप-14) 02 संख्यक (02 संख्यक एसी सर्किट ब्रेकरों के साथ 02 संख्यक ऑक्जीलरी कंटैक्ट युक्त एक सेट 02 अदद), **(9)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0096/एल के अनुसार एसी सर्किट ब्रेकर 11ए, 1 पोल संशोधित (टाइप-21), **(10)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0037/एच के अनुसार ऑक्जीलरी कंटैक्ट (टाइप-7) के बगैर सर्किट ब्रेकर, **(11)** चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/3/0037/एच के अनुसार ऑक्जीलरी कम्प्रेशर (टाइप-6) के लिए ऑक्जीलरी कंटैक्ट के बगैर सर्किट ब्रेकर। [मात्रा सहनशीलता (±): 5%, आयटम की श्रेणीः सामान्य, कुल पीओ मूल्य भिन्नता की अनुमति : अधिकतम 8 लाख]; **निविदा/दस्तावेज के अनुसार; 10/04/2025;** रु. 0.00।

[PR4-860] पीसीएमएम/चिरेका/हावड़ा

हमें अनुसरण करें: www.facebook.com/clwrailways

## तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर ने शुभेंदु को मुर्शिदाबाद का दौरा करने की दी चुनौती

### कहा... 'शुभेंदु ने बारुईपुर में तो सिर्फ ट्रेलर देखा, मुर्शिदाबाद में प्रवेश करने पर असली सिनेमा दिखाएंगे'

**मुर्शिदाबाद :** तृणमूल कांग्रेस की अनुशासन समिति द्वारा सार्वजनिक रूप से भड़काऊ बयान न देने की चेतावनी दिए जाने के चार दिन बाद, तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को 13 अप्रैल को मुर्शिदाबाद जिले में प्रवेश करने और परिणाम भुगतने की चुनौती दी। इस दिन, तृणमूल विधायक कबीर ने एक बांग्ला समाचार चैनल से बातचीत में कहा कि अगर शुभेंदु अधिकारी 13 अप्रैल को मुर्शिदाबाद में प्रवेश करते हैं, तो उन्हें असली सिनेमा देखने को मिलेगा। कबीर ने कहा कि इससे पहले दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर की यात्रा के दौरान शुभेंदु ने केवल फिल्म का ट्रेलर देखा था। मालूम हो कि शुभेंदु ने अन्य भाजपा विधायकों के साथ, 19 मार्च को विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र बारुईपुर में एक रैली करने गए थे, जब तृणमूल समर्थकों और कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें जबर्दस्त विरोध का सामना करना पड़ा। शुभेंदु के काफिले पर हमले के साथ उन्हें काले झंडे दिखाए गए और उनके खिलाफ चोर- चोर के



नारे भी लगाए गए थे। बारुईपुर में शुभेंदु के खिलाफ किए गए विरोध को सिनेमा का ट्रेलर बताते हुए तृणमूल विधायक कबीर ने स्पष्ट कहा कि भाजपा नेता अगर उनके भरतपुर निर्वाचन क्षेत्र सहित मुर्शिदाबाद की धरती पर कदम रखते हैं, तो उन्हें और भी बड़े विरोध का सामना करना पड़ेगा।

## सरकार न्याय की मांग को दबाने के लिए आरजी कर आंदोलन के डॉक्टरों को कर रही है दंडित : दिलीप घोष

**खड़गपुर, समाज्ञा :** बंगाल भाजपा के नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने शनिवार को दावा किया कि ममता सरकार आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुष्कर्म-हत्या मामले में आंदोलन को नेतृत्व करने वालों को दंडित करके न्याय की मांग को दबाने का प्रयास कर रही है। घोष ने कहा कि आरजी कर की घटना ने बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति को सबके सामने उजागर कर दिया है, यही वजह है कि इस सरकार ने उसे दबाने के लिए बहुत प्रयास किए हैं। इस आंदोलन का नेतृत्व करने वाले डाक्टरों को धमकाया गया और उनका तबादला किया गया, लेकिन आंदोलन अभी भी बंद नहीं हुआ



है। उन्होंने कहा कि सरकार जितना अधिक विरोध को दबाने की कोशिश करेगी, न्याय की मांग उतनी ही मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि विरोध फिर से शुरू हो रहा है, इसीलिए जो सामने हैं उन्हें दंडित करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि लोग चुप रहें, लेकिन पूरा समाज समर्थन में खड़ा है।

## मुर्शिदाबाद में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने 6.77 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की, एक तस्कर गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद/कोलकाता :** बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर अंतर्गत सीमा चौकी पिरोजपुर के जवानों ने मुर्शिदाबाद जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक विशेष अभियान में मादक पदार्थों की तस्करी के एक बड़े प्रयास को नाकाम कर 3.387 किलो हेरोइन की बड़ी खेप के साथ एक बांग्लादेशी तस्कर को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। बीएसएफ ने शनिवार को एक बयान में बताया कि जब्त हेरोइन की अनुमानित बाजार कीमत लगभग छह करोड़ 77 लाख 40 हजार रुपये है। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर, बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि तस्कर हेरोइन की खेप को सीमा पार कराकर भारत से बांग्लादेश में




तस्करी करने की फिराक में था। एक खुफिया सूचना पर जवानों ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि बीएसएफ की सीमा चौकी पिरोजपुर के जवानों को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि सदामचर इलाके से अवैध सामान की तस्करी की जा सकती है। सूचना मिलते ही जवानों ने सतर्कता बढ़ाते हुए सीमावर्ती क्षेत्र में कड़ी निगरानी शुरू कर दी। शाम करीब चार बजे जवानों ने दो संदिग्ध तस्करों को भारत से बांग्लादेश की तरफ अंतरराष्ट्रीय सीमा की ओर बढ़ते हुए देखा। जवानों ने तस्करों को रुकने की चेतावनी दी और पकड़ने के लिए बढ़े। इससे घबराए तस्करों ने झाड़ियों में पैकेट फेंककर भागने का प्रयास किया। बीएसएफ जवानों ने पीछा करके उनमें से एक तस्कर को दबोच लिया, जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। तलाशी के दौरान झाड़ियों और आस-पास से पांच पैकेट मिले, जिसके अंदर भूरे रंग का संदिग्ध पाउडर था। इसे परीक्षण के लिए भेजा गया, जिसमें पुष्टि हुई कि यह हेरोइन है। प्रारंभिक पूछताछ में पकड़े गए तस्कर ने खुलासा किया कि वह बांग्लादेशी नागरिक है और पिछले कुछ दिनों से सीमा पार तस्करी की कई गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसने बताया की यह पैकेट उसे उनके भारतीय साथियों ने सौंपे थे, जिसको उसे सीमा पार किसी अन्य बांग्लादेशी व्यक्ति तक पहुंचाना था। इसके बदले में उसे कुछ रुपये मिलने थे। बांग्लादेशी तस्कर और जब्त हेरोइन को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए संबंधित एजेंसी के हवाले कर दिया गया है।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# उच्च माध्यमिक के सिलेबस में फिर बदलाव, प्रश्नों के पैटर्न में भी बदलाव

## जारी किए गए नए निर्देश

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने एक बार फिर सिलेबस में बदलाव की घोषणा की है। परिषद सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, विशेष रूप से उच्च माध्यमिक के तीसरे सेमेस्टर में बदलाव किए जा रहे हैं। जल्द ही सभी स्कूलों में इस संबंध में निर्देशिका भेज दी जाएगी।

सबसे बड़ा परिवर्तन सेकेंड लैंग्वेज अंग्रेजी के पाठ्यक्रम में किया गया है। अब तक अंग्रेजी सिलेबस में प्रसिद्ध लेखिका वर्जिनया वुल्फ की 'ए रूम ऑफ़ वनस ओन' निबंध शामिल था, जिसे अब पाठ्यक्रम से हटा दिया गया है। इसके अलावा, प्रसिद्ध लेखक अंटोन चेख़व की कहानी 'द बेट' और महेश दत्तानी का नाटक 'तारा' भी पाठ्यक्रम से हटा दिया गया है। इनकी जगह अब जे.एम. सिंज का प्रसिद्ध नाटक 'राइडर्स टू द सी' को शामिल किया गया है।



तीसरे सेमेस्टर में अब बहुविकल्पीय (एमसीक्यू) प्रश्न पूछे जाएंगे और चौथे सेमेस्टर में अनिवार्य प्रश्न रहेंगे। इस बदलाव के तहत छात्रों को दोनों सेमेस्टर में यह नया नाटक पढ़ना अनिवार्य होगा। परिषद के अनुसार, गद्य से 3 अंकों और नाटक से 5 अंकों के प्रश्न आएंगे। परिषद के अध्यक्ष ने इस बदलाव के पीछे विशेषज्ञों की राय और शिक्षण प्रक्रिया को अधिक सहज और व्यावहारिक बनाने की जरूरत को मुख्य कारण बताया है। इस कदम के जरिए छात्रों को अधिक स्पष्ट, प्रासंगिक और सहज पाठ्यक्रम तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

# टैब घोटाला : तीन शिक्षकों के खिलाफ विभागीय जांच प्रक्रिया शुरू

**कोलकाता :** छात्रों के टैब की रकम ग़ायब होने के मामले में अब राज्य सरकार ने सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है। इस घटना में तीन शिक्षकों के खिलाफ विभागीय जांच प्रक्रिया शुरू की गई है। सूत्रों के अनुसार, स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश पर पश्चिम बंग मध्य शिक्षा परिषद ने इस मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। परिषद की ओर से इस बीच तीन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस (शो-कॉज) जारी किया गया है।



जांच में सामने आया कि छात्रों को मिलने वाली टैब के पैसों के ग़ायब होने के पीछे इन शिक्षकों की भूमिका संदिग्ध है। पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर ही शिक्षा विभाग ने विभागीय जांच का आदेश दिया। अब इन शिक्षकों को कारण बताना होगा कि उनके खिलाफ क्यों न सख्त कार्रवाई की जाए। अगर वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाते, तो उनके खिलाफ कड़े कदम उठाए जा सकते हैं।

राज्य सरकार इस पूरे मामले को लेकर कठोर कदम उठाये हैं और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने की तैयारी में है। छात्रों के हक की राशि के ग़ायब होने को लेकर अभिभावकों में भी नाराजगी देखी जा रही है। शिक्षा विभाग ने साफ संकेत दे दिया है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा।

## शहर में आज

■ **श्री निबूतल्ला पंचायत गवरजा सेवा ट्रस्ट :** संगीतमय गवरजा गीत वंदना संध्या, रात्रि 9 बजे से, स्थान- 14/1/1, शोभाराम बैशाख स्ट्रीट, क्लब भवन, श्री निबूतल्ला स्पोर्टिंग क्लब कक्ष में, बड़ाबाजार, कोलकाता।

■ **बाबा रामदेव भक्त मंडल (मगरा क्षेत्र) :** संगीतमय भजन कीर्तन, सायं 4 बजे से, स्थान- श्री बजरंग लाल, श्री राधेश्याम पुरोहित, 6/7/2, गुलाम अब्बास लेन, 2 तल्ला, मूर्तिगली में, पिलखाना, हावड़ा।

■ **श्री सीताराम सत्संग समिति (कोलकाता) :** संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ, पाठ क्रमांक संख्या-1932, सुबह 11 बजे से, स्थान- युवा गोष्ठी मैदान, 22, प्लॉट, मारवाड़ी पट्टी, हिन्द मोटर, हुगली।

■ **श्री करणी इन्द्र भक्त मंडल (श्रीमण्ड खुड़दधाम) :** संगीतमय भजन कीर्तन, दोपहर 2 बजे से, स्थान- ग्रीन टाउन, कम्यूनिटी हॉल, 21/सी, अग्रसैन स्ट्रीट, अग्रसैन बॉय्ज स्कूल के पास, लिलुआ, हावड़ा।

■ **श्री राम दरबार युवा मंडल (हिन्द मोटर) :** संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ, दोपहर 1.15 बजे से, स्थान- श्री राम जी स्वामी, ओम आपार्टमेंट, 1 तल्ला, 63, डी.जे. लेन, हिन्द मोटर, हुगली।

■ **श्री डाली बाई भक्त संगम :** संगीतमय भजन कीर्तन, दोपहर 2 बजे से, स्थान- श्री गोपाल जी एवं श्रीमती सुनीता जी व्यास, 30, बृज दुलाल स्ट्रीट, 3 तल्ला, हरिपदो गली, बड़ाबाजार, कोलकाता।

■ **भगवान श्री लक्ष्मी नारायण धाम :** साप्ताहिक बीज मंत्र एवं गणेश स्तोत का पाठ, सुबह 11 बजे से, स्थान- माहेश्वरी भवन सभागार, 4, शोभाराम बैशाख स्ट्रीट, बड़ाबाजार, कोलकाता।

# समाजसेवी कमल दुगड़ एवं उद्योगपति मयंक जालान को 'दीपक ज्योति' सम्मान

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईस्ट बंगाल क्लब कोलकाता में स्थित एक पेशेवर स्पोर्ट्स क्लब है, जिसकी स्थापना 1920 में स्व. सुरेश चन्द्र बौधरी द्वारा की गई थी। यह क्लब भारतीय फुटबॉल के सबसे पुराने और सबसे सफल क्लबों में से एक है। क्लब का खेल जगत में एक गौरवशाली इतिहास रहा है जिसने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिताब जीते हैं। क्लब के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बफादार प्रशंसको कर आधार भी है, जिनकी संख्या करोड़ों में है, ये प्रशंसक उन्हें भारतीय फुटबॉल के सबसे बड़े और सबसे प्रतिष्ठित क्लबों में से एक बनाता है। ईस्ट बंगाल क्लब समय समय पर अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र निर्माण में प्रेरक भूमिका निभाने वाले उद्योग जगत के सुप्रसिद्ध उद्यमी जनो व खिलाड़ियों का दीपक ज्योति सम्मान पुरस्कार से अलंकृत करता है। अभी तक भारत की जिन महान विभूतियों को यह सम्मान प्राप्त हुआ है, उनमें रतन टाटा, मिल्खा सिंह, कपिल देव, सौरभ गांगुली, वी लियेण्डर पेस, झूलन गोस्वामी, डा. सुकुमार मुखर्जी तथा चंद्र शेखर घोष (चेयरमैन, बंधन बैंक) के नाम प्रमुख है। इसी कड़ी में इस वर्ष यह सम्मान राज्य के सुप्रसिद्ध उद्योगपति केवेंटर ग्रुप के मयंक जालान को खुदीराम अनुशीलन केंद्र में आयोजित विशिष्ट समारोह में प्रदान किया गया, और साथ ही इस वर्ष से ईस्ट बंगाल क्लब द्वारा राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तित्वों के लिए भी दीपक ज्योति सम्मान पुरस्कार शुरू किया गया है। समाज सेवा के क्षेत्र में इस वर्ष के दीपक ज्योति सम्मान के अलंकरण से विशिष्ट



सुप्रसिद्ध समाजसेवी कमल दुगड़ को 'दीपक ज्योति' सम्मान से सम्मानित करते ईस्ट बंगाल क्लब के सदस्य

समाज सेवी कमल कुमार दुगड़ को ईस्ट बंगाल क्लब द्वारा अलंकृत किया गया। यह पुरस्कार कमल दुगड को उनकी व्यापक और बहुआयामी सेवाओं के माध्यम से सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर अपनी विशिष्ट और अनुकरणीय पहचान बनाने के लिए दिया गया है। अपनी भावाभिव्यक्ति में दुगड़ ने विनयभाव से यह पुरस्कार स्वीकार करते हुए इसे अपने गुरु युगप्रधान आचार्य महाश्रमण के श्री चरणों में समर्पित करते हुए कहा कि मे इस सम्मान के लिए ईस्ट बंगाल क्लब को, उनके समस्त पदाधिकारियों को तथा ईस्ट बंगाल क्लब के लाखों करोड़ों प्रशंसकों का आभारी हूं। में इसे अपने जीवन के एक यादगार पल के रूप में संजो कर रखूंगा और आज पुनः अपने आप को संकल्पित करता हू कि जब भी कोई व्यक्ति सहयोग हेतु हमारे पास आयेगा, मैं दीपक की ज्योति की भाँति स्वयं आलोकित होकर जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में छाये अंधियारें में प्रकाश की ज्योति प्रज्वलित करने का समुचित प्रयास करता रहूँगा। सम्मान की इसी श्रृंखला में इस वर्ष चिकित्सा के क्षेत्र में विशिष्ट सेवाओं हेतु डॉ. शिवाजी बासु, कानून के क्षेत्र में पूर्व बिधि विशेषज्ञ पूर्व एडवोकेट जनरल श्री अनिन्य मित्रा, नित्य कला के क्षेत्र में सुप्रसिद्ध नृत्यांगना एवं अभिनेत्री श्रीमती ममता शंकर, अभिनय कला के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान हेतु सुप्रसिद्ध अभिनेता श्री सव्यसाची चक्रवर्ती, खेल जगत की अपने उल्लेखनीय योगदान हेतु सुप्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी श्री आई. एम. विजयन को भी दीपक ज्योति सम्मान से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल सरकार के वित्त एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चंद्रीमा भट्टाचार्या के अलावा अनेक राजनेता, समाज के विशिष्ट जन, खेल जगत के नामी हस्तियां तथा हजारों की संख्या में ईस्ट बंगाल क्लब के सदस्य, समर्थक एवम् प्रशंसक उपस्थित थे।

# हिंदुस्तान क्लब में विश्व नवकार मंत्र दिवस की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण बैठक हुई संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** हिंदुस्तान क्लब में शनिवार को विश्व नवकार मंत्र दिवस की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जीतो के चेयरमैन धर्मेंद्र जैन, मंत्री सुमित कोठारी, कार्यक्रम संयोजक दिनेश जैन गंगवाल, नरेंद्र बड़िया, चंद्रेश मेघानी, राजकुमार रामपुरिया, विनोद संचेती, विजय बावलिया, मनीष धारिवाल, जीतो की लेडीज विंग की वाइस चेयरमैन अनीता गंगवाल सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य उप-स्थित हुए।



इस बैठक में विभिन्न जैन संस्थाओं के प्रमुख पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया, जिनमें श्री कलकत्ता जैन स्वेतांबर स्थानकवासी (गुजरात) संघ, श्री स्वेतांबर स्थानकवासी मूर्ति पूजक संघ, द फ्रेंड्स स्पोर्टिंग यूनियन, श्री दसाश्रीमाली मूर्ति पूजक संघ, श्री हंसराज लक्ष्मी चंद कमानी जैन भवन, जैन जागृति भवनिपुर, वाई फैक्टर भवानीपुर, श्रीमंद राजचंद्र तत्व रिसर्च एंड सेंटर और श्रीमंद राजचंद्र मिशन धरामपुर के सदस्य शामिल थे।

इसके अलावा, जैन जागृति सेंटर और जैन सोशल ग्रुप उमंग, के प्रमुख सदस्य दीपक शाह, भारत शाह, चंद्रकांतभाई गांधी, मेहुल दामानी, केतन शाह, देवेन शाह, मुकेश गांधी, निलेश संघवी, निशित वोरा, योगेश दोशी, कुनाल बोधिया, सचिन देसाई और कुनाल दामानी ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने जीतो के सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। गुजराती समाज के मूर्ति पूजक संस्थाओं के सदस्यों ने कार्यक्रम और जीतो के इस प्रयास की भूरी-भूरी सराहना की। सभी पदाधिकारियों ने मिलकर आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत योजना बनाई और इस आयोजन की सफलता के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।

# बंधऩ एएमसी ने वेल्थ क्रिएशन प्लेटफॉर्म 'वेदार्था' किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा**

बंधऩ एएमसी ने अपने नए वैकल्पिक इनवेस्टमेंट प्लेटफॉर्म 'वेदार्था' की घोषणा की है। यह प्लेटफॉर्म ऑनशोर और ऑफशोर निवेशकों के लिए अल्ट्रनेटिव इन-वेस्टमेंट फंड्स और पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज के तहत लिस्टेड इक्विटी और फिक्स्ड-इनकम सॉल्यूशंस का उपयोग करके नए वित्तीय उत्पादों की पेशकश करेगा। वेदार्था के तहत पेश किए जाने वाले इक्विटी-फोक्सड उत्पादों का प्रबंधन मृणाल सिंह और फिक्स्ड इनकम उत्पादों का प्रबंधन भूपेंद्र मील करेंगे। बंधऩ एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा, वेदार्था की शुरुआत इस सोच के साथ की गई है कि यह विभिन्न निवेशकों की विशिष्ट जरूरतों को पूरा करेगा। यह संस्कृत शब्द 'वेद' (ज्ञान) और 'अर्थ' (वेल्थ क्रिएशन) से प्रेरित है। उन्होंने यह भी बताया कि वेदार्था को 15-20 वर्षों के अनुभव वाली एक अनुभवी टीम का समर्थन प्राप्त है और इसे बंधन एएमसी की 25 साल की विरासत का भी सहयोग है। मृणाल सिंह और भूपेंद्र मील ने भी वेदार्था के उद्देश्य को साझा करते हुए कहा कि यह प्लेटफॉर्म ग्राहकों को बेहतर वित्तीय समाधान प्रदान करेगा और उन्हें वेल्थ क्रिएशन के सफर में मार्गदर्शन करेगा।

# खटिक समाज का होलीकोत्सव संपन्न





**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल खटिक महासभा के तत्वावधान मे 54वॉ होली प्रीति सम्मेलन एवं परिवार मिलन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया।

मुख्य कार्यक्रम रूप मे एक देश विदेश खटिक समाज के प्रख्यात रत्नो से परिचय कराया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक संजय बक्शी, पार्षद संतोष पाठक, पार्षद मीना देवी पुरोहित, पार्षद इलोरा साहा, पार्षद मीरा हाजरा, पार्षद विजय ओझा, तृणमूल नेता मृणाल साहा, उमेश राय, सागर प्रसाद माली, राजेश सोनकर, दिलीप सोनकर, भोला प्रसाद सोनकर, छवी लाल सोनकर, आनन्द सोनकर, कार्तिक प्रसाद सोनकर, शिव कुमार सोनकर, बांकेलाल चौधरी, बबलू सोनकर, राजू सोनकर व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। समारोह को सफल बनाने मे पश्चिम बंगाल खटिक महासभा के अध्यक्ष हजारी सोनकर, महामंत्री उत्तम सोनकर, उपाध्यक्ष अजय सिंह सोनकर, राजेश माली, कोषाध्यक्ष लाल बाबु सोनकर, सह कोषाध्यक्ष किशन सोनकर, नवीन चौधरी, समिति प्रभारी कैलाश नाथ सोनकर, पप्पु सोनकर, उमेश माली, कार्यकारी सदस्य नारायण माली, विजय सोनकर, आकाश खटिक की मुख्य भूमिका रही। मंच संचालन संयुक्त मंत्री दीपक सोनकर द्वारा किया गया।

### भारत में लॉन्च हुआ टिंडर यू, यूनिवर्सिटी डेटिंग में लाएगा बड़ा बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** टिंडर ने भारत में 'टिंडर यू' नामक नया फीचर लॉन्च किया है, जो विशेष रूप से यूनिवर्सिटी और कॉलेज के छात्रों को जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। इस नए फीचर का उद्देश्य छात्रों को एक सुरक्षित और व्यक्तिगत स्थान प्रदान करना है, जहां वे अपनी कॉलेज जानकारी, रुचियां और क्लबों के बारे में जानकारी साझा कर सकते हैं। टिंडर यू के साथ, छात्रों के लिए अपने कैंपस में नए दोस्त बनाना और डेटिंग के अवसरों को बढ़ाना अब और भी आसान हो गया है। टिंडर यू में छात्रों को अपना कॉलेज ईमेल पता दर्ज करके अपनी प्रोफाइल को वेरिफाई करने की सुविधा मिलती है। टिंडर की कम्युनिकेशन लीड, अदिति शोरवाल ने कहा, यह फीचर जेनजी को एक सुरक्षित और आसान अनुभव प्रदान करता है, जहां वे अपनी शर्तों पर नए संबंध बना सकते हैं। टिंडर यू अब भारत के सभी कॉलेजों और यूनिवर्सिटी परिसरों में उपलब्ध है।

# बैंडेल महात्मा गांधी हिन्दी विद्यालय में विश्व जल दिवस मनाया गया





**हुगली, समाज्ञा :** बैंडेल स्थित बैंडेल महात्मा गांधी हिन्दी विद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), जय हिन्द बाहिनी (जेएचबी) तथा विद्यालय के 300 कैडेट्स तथा छात्र छात्राओं के बीच विश्व जल दिवस मनाया गया। कैडेटों ने बैंडेल मोड़ तक एक रैली निकालकर आम लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय में संगोष्ठी द्वारा छात्र छात्राओं तथा शिक्षकों ने जल संरक्षण के प्रति अपने विचार रखकर सभी को जल के महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का आयोजन एएनओ धर्मेन्द्र कुमार सिंह द्वारा किया गया।

# जोका से माजेरहाट तक पर्पल लाइन के सीबीटीसी सिग्नलिंग सिस्टम का रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने किया निरीक्षण

**कोलकाता :** जोका से माजेरहाट तक पर्पल लाइन के ऑटोमैटिक कम्युनिकेशन बेस्ड ट्रेन कंट्रोल (सीबीटीसी) सिग्नलिंग सिस्टम का निरीक्षण 22 मार्च 2025 को मेट्रो और एनएफ सर्कल के रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) सुमित सिंघल ने किया। इस सिग्नलिंग सिस्टम के संचालन की अनुमति के लिए सीआरएस का निरीक्षण और मंजूरी अनिवार्य है।

सुमित सिंघल ने सुबह जोका डिपो से अपने निरीक्षण की शुरुआत की। उन्होंने डिपो का कारशेड, रो-लिंग स्टॉक और मेंटेनेंस सुविधाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद वे जोका डिपो से माजेरहाट स्टेशन तक एक मेट्रो रेक में सफर कर सीबीटीसी सिस्टम के तहत ट्रेन संचालन का परीक्षण किया।



माजेरहाट पहुंचने के बाद उन्होंने स्टेशन पर बने ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर (ओसीसी) का निरीक्षण किया और वहां की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मेट्रो रेलवे के प्रमुख मुख्य अभियंता (पीसीई) अनुज मित्तल, एस.आर.मीणा, पीसीएसटीई, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के ईडी/मेट्रो अमित टंडन और अन्य अधिकारी उनके साथ मौजूद थे।

इस निरीक्षण के साथ पर्पल लाइन के इस महत्वपूर्ण हिस्से के शुरू होने की प्रक्रिया एक कदम और आगे बढ़ गई है, जिससे यात्रियों को शीघ्र ही और बेहतर मेट्रो सुविधा मिलने की उम्मीद है।

### पांचवां राज्य पेनसेक स्लैट (मार्शल आर्ट) कार्यक्रम आयोजित





**कोलकाता, समाज्ञा :** 5वां राज्य पेनसेक स्लैट (मार्शल आर्ट) 2024-25 का आयोजन कोलकाता में किया गया। शनिवार को सियालदह स्थित बीसी रॉय ऑडिटोरियम में कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर संगठन के अध्यक्ष तपन घोष, चेयरमैन सुरेश शर्मा, बंगाल ओलंपिक संघ के महासचिव जहर दास, प्रसिद्ध चिकित्सक सुकुमार मुखर्जी, राज्य सरकार के खेल विभाग के उप सचिव दीपांकर पाल, अर्जुन पुरस्कार विजेता खिलाड़ी शांति घोष समेत अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर तपन घोष ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य के लगभग सभी जिलों से 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। राज्य सरकार दूरदराज के जिलों के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल उपकरण उपलब्ध करा रही है। वहीं, दीपांकर ने कहा कि हाल ही में राज्य के एक प्रतियोगी ने गोवा में राष्ट्रीय स्तर पर इस खेल में भाग लिया था और रजत जीतने के बाद उसे राज्य सरकार की ओर से नौकरी दी गई थी। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में दूरदराज के जिलों से भी खिलाड़ियों को लाने का लक्ष्य है।

# मालदह डिविजनल रेलवे अस्पताल ने मनाया वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे

**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह डिविजनल रेलवे अस्पताल ने वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे मनाया। अस्पताल के ओपीडी परिसर में आयोजित यह कार्यक्रम थीम ए हैप्पी माउथ इज ए हैप्पी माइंड के साथ मनाया गया। विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों के बीच मौखिक स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलायी गयी। यह जागरूकता पहल डॉ. सुतिर्था बोरेल, पीटीडीएस, डीआरएच मालदा द्वारा नेतृत्व में की गई। साथ ही, इस सप्ताह की शुरुआत में केंद्रीय विद्यालय, मालदह में 5 से 17 वर्ष तक के बच्चों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान, डॉ. बोरेल ने डॉक्टरों, पैरामेडिक्स और मरीजों के एक समूह को संबोधित किया और मौखिक स्वच्छता, मसूड़ों



की सेहत और एक स्वस्थ मुंह के लिए प्रभावी उपायों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने सही ब्रश करने की तकनीकों का प्रदर्शन किया और मौखिक स्वास्थ्य से संबंधित सामान्य सवालों का उत्तर दिया, जिससे उपस्थित लोगों में इसके प्रति पूरी समझ विकसित हुई। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. अनूपा घोष, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) ने की और इसमें लगभग 50 रेलवे लाभार्थी शामिल हुए। इस पहल के अंतर्गत, केंद्रीय विद्यालय, मालदह के लगभग 260 छात्रों की मौखिक और दंत जांच की गई, जिससे कार्यक्रम की पहुंच और प्रभाव बढ़ा।

# नशे की हालत में पत्नी को बेरहमी से पीटने वाले युवक के खिलाफ मामला

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर में नशे की हालत में एक युवक ने अपनी पत्नी को बेहरमी से पीट दिया। इस घटना में आरोपी ने अपने साले पर भी जानलेवा हमला किया। मिली जानकारी के अनुसार, सोनारपुर के आनंदपल्ली के मालिपाड़ा निवासी सौरव सेन अपनी पत्नी सुष्मिता के साथ रहता था। उसी इलाके में सुष्मिता का भाई राजा भी रहता था। आरोप है कि आरोपी सौरव नियमित रूप से शराब पीता था और नशे की हालत में अपनी पत्नी पर अत्याचार करता था। सौरव को कई बार समझाने के बाद भी उस पर काई असर नहीं पड़ा। शुक्रवार रात को पति-पत्नी के बीच बहस शुरू हो गई। जिसके बाद सौरव अपनी पत्नी को बेरहमी से पीटने लगा। सुष्मिता





की चिल्लाने की आवाज सुनकर उसका भाई राजा मौके पर पहुंचा। आरोप है कि राजा जब अपनी बहन को बचाने लगा तब सौरव ने उसका कान काट लिया और उसपर जान-लेवा हमला भी किया। इस घटना के बाद, पीड़ित परिवार ने सौरव के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार जांच शुरू करते हुए फरार आरोपी को तलाश रही है।

# बी.आर. सिंह अस्पताल में 62 वर्षीय महिला मरीज ने गंभीर बीमारी को दी मात

**कोलकाता, समाज्ञा :** बी.आर. सिंह अस्पताल में एक 62 वर्षीय महिला मरीज ने 68 दिनों के आई.टी.यू. (इंटेंसिव थैरेपी यूनिट) में रहने के बाद गंभीर बीमारी को मात दी और अब वह सामान्य वार्ड में स्थिर हालत में भर्ती हैं। मरीज को पुरानी अवरोधक फेफड़े की बीमारी का इतिहास था और वह टाइप 2 सांस लेने में तकलीफ से पीड़ित थीं, जिसके कारण उसे शुरुआत में मेकेनिकल वेंटिलेशन की आवश्यकता पड़ी। सीओपीडी के उपचार के दौरान मरीज में दोहरी दृष्टि और गर्दन की मांसपेशियों की कमजोरी भी पाई गई, जिसके बाद न्यूरोलॉजिकल जांच की गई और मायस्थेनिया ग्रेविस का निदान हुआ। इसके बाद, मरीज को स्टेरॉयड्स और पाइरिडोस्टिगमाइन की दवाइयां



दी गईं। आई.टी.यू. में उन्हें कई जटिलताओं का सामना करना पड़ा, जैसे क्लेब्सियेला न्यूमोनिया और हाइपोटेंशन, जिन्हें लक्षित एंटीबायोटिक्स से ठीक किया गया।

इस शानदार रिकवरी का श्रेय डॉ. चायन भट्टाचार्य और उनकी टीम को जाता है, जिन्होंने मरीज की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। मरीज के परिवार का समर्थन भी महत्वपूर्ण साबित हुआ। यह मामला बी.आर. सिंह अस्पताल की चिकित्सा टीम की समर्पण और पेशेवर क्षमता को उजागर करता है।

# हावड़ा में जल संकट जारी, 30 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर किया गया शिफ्ट





**हावड़ा, समाज्ञा :** बेलगछिया डंपिंग यार्ड के पास स्थित इलाके में पानी की समस्या अभी भी बनी हुई है। शुक्रवार की तुलना में शनिवार को भी कई जगहों पर बड़ी-बड़ी दरारें दिख रही हैं और बिजली के खंभे गिर गए हैं। जिस कारण लोगों में डर का माहौल है। हालात को देखते हुए प्रशासन ने करीब 30 परिवारों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट कर दिया है। इन परिवारों को पास के एक स्कूल और क्लब में रखा गया है, जहां उनकी रहने और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। प्रशासन इस समस्या को जल्दी हल करने के लिए काम कर रहा है और उम्मीद की जा रही है कि यह समस्या जल्द सुलझ जाएगी।

मंत्री अरूप राय ने कहा कि बेलगछिया में घटी यह दुर्घटना भयावह है। इसके साथ ही उन्होंने शिवपुर, मध्यहावड़ा और सलकिया क्षेत्रों में पानी की समस्या पर भी प्रकाश डाला। मंत्री ने बताया कि मध्यहावड़ा और शिवपुर में पानी की सप्लाई को ठीक कर दिया गया है, लेकिन सलकिया में काम अभी भी जारी है। सलकिया में पाइपलाइन जोड़ने का काम बारिश के बावजूद चल रहा है। मंत्री ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार हमेशा से ही जनता के साथ खड़ी रही है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार स्थिति की जानकारी ले रही हैं। मुख्यमंत्री की सहानुभूति बंगाल के सभी लोगों के लिए है।

## सड़क के कुत्तों को खाना खिलाने पर बुजुर्ग की हत्या

### हावड़ा अदालत ने दोषी को 10 साल की सश्रम कैद सुनाई



**हावड़ा :** सड़क के कुत्तों को रोजाना खाना खिलाना एक बुजुर्ग व्यक्ति की आदत थी, लेकिन यही आदत उसके मृत्यु का बन गई। 11 साल पहले हुई इस घटना में अब जाकर मृतक परिवार को न्याय मिला। हावड़ा की अदालत ने दोषी युवक को 10 साल की सश्रम कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

घटना 2014, 25 जून की है। हावड़ा के दक्षिण बंकसारा के ठाकुरपुकुर इलाके के रहने वाले 54 वर्षीय बनेश्वर साउ रोजाना इलाके के आवारा कुत्तों को खाना खिलाते थे। लेकिन उनके पड़ोसी शंभु बाग को यह बिल्कुल पसंद नहीं था। कई बार दोनों के बीच इसको लेकर विवाद भी हुआ था। उस दिन भी जब बनेश्वर साउ अपने घर के पास कुत्तों को खिला रहे थे, तभी शंभु बाग घर से निकलकर आया और उन्हें गाली-गलौज करने लगा। जब बनेश्वर साउ ने इसका विरोध किया, तो शंभु ने लकड़ी के भारी डंडे से उनके सिर पर हमला कर दिया।

गंभीर रूप से घायल बनेश्वर साउ को हावड़ा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद बी गार्डन थाने की पुलिस ने शंभु को गिरफ्तार किया। अदालत में 11 साल तक मामला चला और 15 गवाहों के बयान के आधार पर आखिरकार अदालत ने दोषी को 10 साल की सश्रम कैद और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अगर आरोपी जुर्माना नहीं भरता है, तो उसे अतिरिक्त छह महीने की सजा भुगतनी होगी।

मामले के सरकारी वकील ब्रजेंद्रनाथ शांसमल ने कहा, पशु प्रेम के कारण किसी की हत्या पर यह राज्य में पहली बार है जब अदालत ने इतनी सख्त सजा सुनाई है। यह निर्णय पशुप्रेमियों के लिए एक बड़ी जीत है। अदालत का फैसला सुनकर मृतक के परिवार ने राहत और संतोष जाहिर किया।

## 'घर में घुसकर दिलीप घोष का मुंह तोड़ दूंगी'

### दिलीप घोष के बाद अब पूर्व तृणमूल सांसद अपरूपा पोद्दार के बिगड़े बोल



**हुगली :** दिलीप घोष द्वारा खड़गपुर में एक महिला के साथ विवाद व बड़बोल के बाद अब आरामबाग की पूर्व तृणमूल सांसद अपरूपा पोद्दार की जुबान फिसल गई। अपरूपा ने पूर्व भाजपा सांसद दिलीप घोष को चुनौती दी। उन्होंने कहा, अगर वह महिलाओं के बारे में अभद्र टिप्पणी करेगा तो मैं उसके घर में घुसकर उसका मुंह तोड़ दूंगी। पूर्व तृणमूल सांसद अपरूपा पोद्दार और पूर्व भाजपा सांसद दिलीप घोष के बड़बोले बयान से राजनीति में हंगामा जारी है। आरामबाग से पूर्व तृणमूल सांसद, अपरूपा पोद्दार ने आरोप लगाते हुए कहा, दिलीप घोष हमेशा महिलाओं का अपमान करते हैं, लेकिन अगर वह महिलाओं के बारे में अभद्र टिप्पणी करते रहें तो मैं भी उसके घर में घुसकर उसका मुंह तोड़ दूंगी। बहरहाल उक्त मामले पर राजनीतिक आलोचकों का मानना है कि तृणमूल नेता की इस टिप्पणी से राज्य की राजनीति में तल्खी और ज्यादा बढ़ेगी और इससे जनता में नकरात्मक संदेश जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि कोई नेता महिलाओं के बारे में अशोभिनिय बातें कर रहा है, तो कोई नेत्री किसी नेता का मुंह तोड़ने की बात कर रही है। इस तरह की हरकते कहीं से भी वांछनीय नहीं है। बहरहाल जो भी हो देश सहित बंगाल में नेताओं की जुबान फिसल जाना या फिर कहें कि जानबुझ कर खबरों में बने रहने के लिए कुछ भी बयान देने का चलन कोई नई बात नहीं है।

# विदेश की खबरें

## इजराइली सेना गाजा में और अंदर घुसी, एकमात्र कैंसर अस्पताल नष्ट किया



**यरुशलम :** इजराइली सेना गाजा पट्टी में और अंदर तक घुस गई है और उसने युद्धग्रस्त क्षेत्र के एकमात्र कैंसर अस्पताल को भी नष्ट कर दिया है। इजराइली नेताओं ने कहा है कि जब तक हमास उसके शेष बंधकों को रिहा नहीं करता, तब तक इजराइल अधिक क्षेत्र पर कब्जा करता रहेगा। यह अस्पताल गाजा को विभाजित करने वाले नेतजारिम कॉरिडोर में स्थित है। हमास के साथ युद्धविराम तोड़ने के कुछ ही समय बाद इस सप्ताह इजराइल ने क्षेत्र को फिर से अपने नियंत्रण में ले लिया। इस युद्धविराम के कारण जनवरी के अंत से गाजा में अपेक्षाकृत शांति रही और दो दर्जन से अधिक बंधकों की रिहाई में मदद मिली। इजराइली सेना ने कहा कि उसने तुर्की-फलस्तीनी मैत्री अस्पताल पर हमला किया क्योंकि युद्ध के दौरान चिकित्सक और मरीज अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे थे और हमास के लड़ाके वहां से अपनी लड़ाई लड़ रहे थे। अस्पताल के 'ऑन्कोलॉजी विभाग' के प्रमुख डॉ. ज़की अल-जकजूक ने कहा कि युद्धविराम के दौरान एक चिकित्सकीय टीम ने अस्पताल का दौरा किया था और पाया कि वहां कुछ क्षति हुई थी। उन्होंने एक बयान में कहा, मैं यह समझने में असमर्थ हूं कि ऐसे अस्पताल को बम से उड़ाने से क्या हासिल होगा? तुर्किये के विदेश मंत्रालय ने इस अस्पताल को नष्ट किए जाने की निंदा की है।

## अमेरिका: लास क्रूसेस पार्क में गोलीबारी में कई लोग घायल

**लास क्रूसेस (अमेरिका) :** न्यू मैक्सिको के लास क्रूसेस में शनिवार को शहर के एक पार्क में हुई गोलीबारी में कई लोग घायल हो गये। इसकी जानकारी अधिकारियों ने दी।अधिकारियों ने बताया कि पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।लास क्रूसेस पुलिस ने फेसबुक पर पोस्ट किए गए एक बयान में बताया कि यंग पार्क में गोलीबारी की खबर मिलने पर शुक्रवार रात 10 बजे के बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे, जहां पुलिस और दमकलकर्मियों ने घायलों को देखा, जो गोली लगने से जख्मी हो गये थे। इसमें कहा गया है कि ज्यादातर लोगों को स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया, जबकि अन्य को एल पासो स्थित यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर ले जाया गया।

## पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने सियालदह साउथ सेक्शन में विकास पहल की समीक्षा की



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने शनिवार को सियालदह साउथ सेक्शन के विभिन्न स्टेशनों का गहन निरीक्षण किया। इस निरीक्षण की शुरुआत सुबह माजेरहाट से कोमागटामारू-बजबज तक की विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण से हुई। इसके बाद बजबज, कैनिंग, सोनारपुर और डायमंड हार्बर स्टेशनों पर विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं, स्टेशन सुविधाओं और सुरक्षा उपायों की जांच की। इसके साथ ही, उन्होंने भविष्य में किए जाने वाले विकास कार्यों, स्टेशन इंफ्रास्ट्रक्चर, फिक्सचर और अन्य आवश्यक सेवाओं की गहरी समीक्षा की। इस निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने चल रहे और आगामी विकास पहलों का विस्तृत लेखा लिया और सियालदह डिवीजन के शाखा अधिकारियों को इन पहलों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। उनके सुझाव यात्री सुविधा बढ़ाने, इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार और रेलवे सुरक्षा मानकों को मजबूत करने पर आधारित थे। कैनिंग स्टेशन परिसर में महाप्रबंधक ने पूर्व रेलवे की हरियाली पहल के तहत पौधे भी लगाए। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक के साथ पूर्व रेलवे मुख्यालय के प्रमुख अधिकारी भी उपस्थित थे। जिनमें प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता देवेंद्र कुमार, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं टेलीकॉम अभियंता भूवनेश कुमार अग्रवाल और सियालदह के डीआरएम दीपक निगम शामिल थे।

## प्रधानमंत्री मोदी पांच अप्रैल को श्रीलंका की यात्रा करेंगे



**कोलंबो :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच अप्रैल को श्रीलंका की यात्रा पर आएंगे। राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। समाचार पोर्टल अदादेराना डॉट एलके की खबर के मुताबिक, दिसानायके ने संसद में अपने संबोधन के दौरान मोदी की यात्रा की तारीख की घोषणा की। विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि मोदी 2024 में राष्ट्रपति दिसानायके की दिल्ली यात्रा के दौरान हुए समझौतों को अंतिम रूप देने के लिए कोलंबो आएंगे। राष्ट्रपति ने संसद को यह भी बताया कि पूर्वी बंदरगाह जिले त्रिंकोमाली में सामपुर विद्युत संयंत्र का निर्माण कार्य मोदी की यात्रा के समय ही शुरू होगा। स्वास्थ्य मंत्री नलिंदा जयथिस्सा ने बताया कि श्रीलंका और भारत ने त्रिंकोमाली में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए पिछले महीने एक समझौता पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा, श्रीलंका सरकार और भारत सरकार के बीच त्रिंकोमाली के सामपुर में 50 मेगावाट (चरण 1) और 70 मेगावाट (चरण 2) क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए सहमति बन गई है। सौर ऊर्जा संयंत्र का निर्माण और संचालन सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड और भारत के राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) द्वारा दोनों सरकारों के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में किया जाएगा।

## नाइजर में जिहादी संगठन के हमले में 44 नागरिकों की मौत



**डकार (सेनेगल) :** नाइजर के पश्चिमी हिस्से में एक गांव पर एक जिहादी संगठन के हमले में 44 नागरिकों की मौत हुई है। देश के गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि माली और बुर्किना फासो की सीमा से सटे कोकोरू ग्रामीण क्षेत्र के फाम्बिता गांव में शुक्रवार दोपहर यह हमला हुआ। उसने इस हमले के लिए 'इस्लामिक स्टेट इन ग्रेट सहारा या ईआईजीएस' को जिम्मेदार ठहराया है। इस हमले के सिलसिले में प्रतिक्रिया के लिए ईआईजीएस से संपर्क नहीं हो पाया है। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'अपराह्न करीब दो बजे जब मुस्लिम श्रद्धालु जुमे की नमाज अदा कर रहे थे, तब भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने संबंधित मस्जिद को घेर लिया और नरसंहार को अंजाम दिया।'' उसने कहा कि हमलावरों ने वहां से जाने से पहले एक बाजार एवं मकानों में आग भी लगा दी। मंत्रालय ने बताया कि मृतकों की अंतरिम संख्या कम से कम 44 है, जबकि 13 गंभीर रूप से घायल हैं। मंत्रालय ने तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। अपने पड़ोसी देशों बुर्किना फासो और माली के साथ नाइजर एक दशक से अधिक समय से जिहादी संगठनों के विद्रोह से जूझ रहा है। उनमें से कुछ संगठन अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट समूह से संबद्ध हैं।

## नकली दवा नेटवर्क कितना व्यापक है? जांच कर रही है सीआईडी

**कोलकाता :** प्रतिष्ठित दवा कंपनियों की दवाओं के क्यूआर कोड में फर्जीवाड़ा कर धोखाधड़ी की गयी। लाखों रुपये की नकली दवाएं जब्त की गई हैं। सीआईडी अब यह पता लगाने में जुटी है कि नकली दवाओं का नेटवर्क कहां तक फैला हुआ है। कोर्ट के आदेश के मुताबिक वे राज्य औषधि नियंत्रण के साथ संयुक्त रूप से जांच करेंगे। नकली दवा के कारोबार में कौन शामिल है? वित्तीय लेनदेन कैसा था? राज्य औषधि नियंत्रण ने उन सभी सवालों के जवाब देने के लिए इस काम में विशेषज्ञता वाली एक जांच एजेंसी की मदद लेने के लिए अदालत में आवेदन किया था। आवेदन को उलुबेरिया एसीजेएम द्वारा अनुमोदित किया गया था। सीआईडी को स्टेट ड्रास कंट्रोल के साथ संयुक्त रूप से जांच करने का आदेश दिया गया है।

## चांपदानी नगरपालिका के गेट पर मृत कुत्ते को फेंककर सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**हुगली, समाज्ञा**

चांपदानी नगरपालिका के अस्थायी सफाई कर्मचारियों ने बकाया वेतन और वेतन वृद्धि की मांग को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया। इससे पहले भी चांपदानी नगरपालिका के अस्थायी सफाई कर्मचारी वेतन वृद्धि की मांग को लेकर आंदोलन कर चुके हैं। उनका आरोप है कि लंबे समय से सैकड़ों सफाई कर्मचारियों को बहुत कम वेतन मिल रहा है। किसी का दो महीने का तो किसी का तीन महीने का वेतन बकाया है। नगरपालिका को सूचित करने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। शनिवार को बारिश के बीच कर्मचारी नगरपालिका गेट के सामने एकत्र हुए और वहीं बैठकर प्रदर्शन करने लगे। उन्होंने नगरपालिका के प्रवेश द्वार पर कचरा और मृत कुत्ता फेंककर तृणमूल के झंडे के साथ विरोध जताया। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक वेतन नहीं बढ़ाया जाता, वे काम पर नहीं लौटेंगे। नगरपालिका के अन्य कर्मचारियों को भी प्रवेश से रोक दिया। पालिका चेयरमैन सुरेश मिश्रा ने कहा कि कुछ लोग उसकावे में आकर इच्छुक कर्मचारिओं को बाधा पंहुचा रहे और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाही की जाएगी। लगाए गए आरोप निराधार है। मंगलवार को समस्या का समाधान हो जायेगा। सिर्फ फरवरी महीने का वेतन बकाया है। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन के पीछे पार्टी के ही एक नेता उसकावे का काम कर रहे हैं। जिसकी जानकारी शीर्ष नेतृत्व को दी जाएगी। अस्थाई सफाई कर्मियों को भड़काया जा रहा है।

## मस्क के व्यापारिक हितों को लेकर चिंतित ट्रंप, युद्ध की योजनाएं साझा न करने को कहा



**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि युद्ध की योजनाओं को उनके सलाहकार एलन मस्क के साथ उनके व्यापारिक हितों के कारण साझा नहीं किया जाना चाहिए। ट्रंप के इस बयान को प्रशासन में अरबपति उद्यमी की व्यापक भूमिका को सीमित करने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। ट्रंप ने यह टिप्पणी ओवल ऑफिस (राष्ट्रपति कार्यालय) में एक नये लड़ाकू विमान के विकास पर आयोजित बैठक के दौरान की। उन्होंने उन खबरों को खारिज कर दिया कि मस्क को यह बताया जाएगा कि अमेरिका चीन के साथ परिकल्पित युद्ध कैसे लड़ेगा।

रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े राष्ट्रपति ने कहा, ''एलन का चीन में कारोबार है। और शायद वह इसके लिए अतिसंवेदनशील होंगे।'' हालांकि, उन्होंने मस्क की राष्ट्रभक्ति की सराहना की। ट्रंप ने इससे पहले मस्क के संभावित हितों के टकराव के बारे में पूछे गए सवालों को यह कहते हुए टाल दिया था कि जब आवश्यक होगा, तब वह इन सवालों के जवाब देंगे।राष्ट्रपति ने कहा कि मस्क ने शुक्रवार सुबह लागत कम करने पर चर्चा करने के लिए पेंटागन (अमेरिकी रक्षा विभाग का मुख्यालय) का दौरा किया, जिस पर वह सरकारी दक्षता विभाग के माध्यम से काम कर रहे हैं।

## यूक्रेन के जापोरिज्जिया पर रूसी हमलों में तीन लोगों की मौत



**कीव :** यूक्रेनी शहर जापोरीज्जिया पर रूस द्वारा किये गये ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय प्रमुख इवान फेडोरोव ने जानकारी दी कि इस हमले में आवासीय इमारतों, निजी कारों और सामाजिक अवसंरचना में आग लग गई। फेडोरोव ने हमले के बाद की तस्वीरों को साझा किया, जिनमें आपातकालीन सेवाओं के अधिकारी क्षतिग्रस्त आवासीय इमारतों के मलबे में फंसे लोगों की तलाश करते दिखाई दे रही हैं। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूस ने शुक्रवार रात से शनिवार सुबह के बीच 179 ड्रोन भेजे थे, जिनमें से 100 ड्रोन को यूक्रेन की सेना ने हवा में ही गिरा दिया, जबकि 63 'ड्रोन खो' गए, यानी उन्हें इलेक्ट्रॉनिक तरीके से रोक दिया गया। इसके अलावा अधिकारियों ने कीव और द्निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्रों के भी रोके गए ड्रोनों से गिरे मलबे के कारण आग लगने की सूचना दी है। इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने यूक्रेन के 47 ड्रोन को नष्ट कर दिया।

## पुरसुड़ा में अनियंत्रित होकर बस पलटी, 20 घायल



**हुगली, समाज्ञा :** जिले के आरामबाग महकमा के तहत पुरसुड़ा थाना क्षेत्र में एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे 20 यात्री घायल हो गए। यह दुर्घटना पानसुई से तारकेश्वर जाते वक्त हरिहर इलाके में हुई। बताया जा रहा है कि बस के स्टेयरिंग कट जाने से यह घटना हुई। बस खानाकुल के रास्ते राधानगर से तारकेश्वर आ रही थी गणेशपुर-तारकेश्वर रूट की यह बस है जो दुर्घटनाग्रस्त हुई है। घटना की खबर पाकर पुरसुड़ा थाना के प्रभारी सुभाजित दे पहुंचे और घायलों को सर्वप्रथम पुरसुड़ा के श्रीरामपुर ग्रामीण अस्पताल में दाखिल कराया। वहां से आठ लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए छह लोगों को आरंभ प्रफुल्ला चंद्र सेन मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में दाखिल कराया गया और दो लोगों का इलाज चांपाडांगा के एक नर्सिंग होम चल रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बस सामंत रोड से गुजर रही थी, तभी चालक का नियंत्रण खो गया और बस सड़क से नीचे उतरकर एक पेड़ से लटक गई। जैसे ही हादसे की सूचना मिली, पुरसुड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद इलाके के लोगों ने आरोप लगाया कि यातायात नियमों की अनदेखी और तेज रफ्तार के कारण ही यह दुर्घटना हुई। उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। क्रेन की मदद से बस को बाहर निकालने का काम जारी है।

## विमान में चढ़ने की अनुमति न मिलने पर महिला ने कुत्ते को हवाई अड्डे के शौचालय में डुबोकर मार डाला

**ऑरलैंडो (फ्लोरिडा) :** अमेरिका के फ्लोरिडा में एक महिला ने आवश्यक दस्तावेज न होने के कारण उसके कुत्ते को विमान में ले जाने की अनुमति नहीं मिलने पर उसे हवाई अड्डे के शौचालय में डुबोकर मार डाला और फिर अंतरराष्ट्रीय उड़ान में सवार हो गई। पुलिस ने महिला को लेक काउंटी क्षेत्र से बुधवार को गिरफ्तार कर दिया और उस पर पशु के साथ क्रूरता का आरोप लगाया गया। बाद में उसे 5,000 अमेरिकी डॉलर की जमानत पर रिहा कर दिया गया। ऑरलैंडो पुलिस विभाग ने हलफनामे में कहा, ''यह कृत्य जानबूझकर किया गया था और इस क्रूरतापूर्ण कदम के कारण पशु की मौत हो गई।''

ऑरलैंडो पुलिस विभाग के अनुसार, एक सफाई कर्मचारी ने मृत कुत्ते को शौचालय के कूड़ेदान में पाया जिसके बाद इस मामले की जांच दिसंबर में शुरू की गयी। पुलिस जांच में सामने आया कि महिला पहले कुत्ते के साथ शौचालय में गई थी और कुछ देर बाद कुत्ते के बिना बाहर आई। हलफनामे के मुताबिक, पहले महिला ने 15 मिनट तक एक विमानन कंपनी के एजेंट से बातचीत की और फिर वह अपने कुत्ते को लेकर शौचालय गई। पुलिस के अनुसार, जब वह 20 मिनट बाद शौचालय से बाहर आई तो कुत्ता उसके साथ नहीं था। इसके बाद वह कोलंबिया जाने वाली उड़ान में सवार हो गई। प्राधिकारियों ने बताया कि आवश्यक दस्तावेज न होने के कारण महिला को कुत्ते को विमान में ले जाने की अनुमति नहीं दी गई थी।

## यूनिसेफ ने तालिबान से अफगानिस्तान में लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंध हटाने की अपील की

**इस्लामाबाद :** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने अफगानिस्तान के तालिबान शासकों से लड़कियों की शिक्षा पर लगे प्रतिबंध को तत्काल हटाने का शनिवार को आग्रह किया, ताकि उन लाखों लड़कियों का भविष्य बचाया जा सके जो 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं। यूनिसेफ ने यह अपील ऐसे समय में की है जब अफगानिस्तान में नया अकादमिक वर्ष शुरू हुआ है। एजेंसी ने कहा कि इस प्रतिबंध के कारण 4,00,000 और लड़कियां शिक्षा के अधिकार से वंचित हो गई हैं तथा इसी के साथ ऐसी लड़कियों की कुल संख्या 22 लाख हो गई है जो छठी कक्षा के बाद पढ़ नहीं सकीं। अफगानिस्तान दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां लड़कियों की माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर प्रतिबंध है। तालिबान के अनुसार यह प्रतिबंध उचित है क्योंकि यह शिक्षा व्यवस्था शरिया या इस्लामी कानून की व्याख्या के अनुरूप नहीं है। यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने एक बयान में कहा, ''तीन साल से अधिक समय से अफगानिस्तान में लड़कियों के अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है।'' उन्होंने कहा, ''सभी लड़कियों को अब स्कूल लौटने की अनुमति दी जानी चाहिए। अगर इन सक्षम एवं प्रतिभाशाली युवतियों को शिक्षा से वंचित रखा जाता रहा तो इसके परिणाम कई पीढ़ियों तक रहेंगे।'' उन्होंने कहा कि इस प्रतिबंध से लाखों अफगान लड़कियों के भविष्य को नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि यदि प्रतिबंध 2030 तक जारी रहता है, तो ''40 लाख से अधिक लड़कियां प्राथमिक स्कूल से आगे की शिक्षा के अपने अधिकार से वंचित हो जाएंगी।'' उन्होंने कहा कि इसके परिणाम ''विनाशकारी'' होंगे। रसेल ने चेतावनी दी कि महिला चिकित्सकों और दाइयों की संख्या में कमी के कारण महिलाओं एवं लड़कियों को चिकित्सकीय देखभाल नहीं मिल पाएगी जिसके परिणामस्वरूप करीब 1,600 अतिरिक्त माताओं और 3,500 से अधिक अतिरिक्त शिशुओं की मौत होने की आशंका है। उन्होंने कहा, ''ये केवल संख्याएं नहीं हैं, ये आंकड़े खोई हुई जिंदगियों और बिखरते परिवारों का प्रतिनिधित्व करते हैं।''

# अप्पू का हेलमेट



डॉ.मंजरी शुक्ला

कितनी देर से हेलमेट ढूँढ रहा हूँ, कहीं मिल नहीं रहा। कमरे के अंदर से एक आदमी की आवाज़ सुनाई पड़ी

अमरुद के पेड़ पर बैठा हीरु तोता फुर्र से उड़कर खिड़की पर बैठ गया और कमरे के अंदर झाँकने लगा।

कमरे का सारा सामान उल्टा पुल्टा पड़ा हुआ था और एक आदमी बड़बड़ाता हुआ अपना हेलमेट ढूँढ रहा था।

तभी एक छोटी से बच्ची उस कमरे में आई और बोली-आप बिना हेलमेट के चले जाओ ना।

नहीं,नहीं, हेलमेट नहीं पहनने से दुर्घटना होने की संभावना रहती है। उस आदमी ने जवाब दिया और वापस अपना हेलमेट ढूँढने लगा

हीरु ने अपनी गोल गोल आँखें नचाई और जंगल की ओर उड़ चला।

उड़ते हुए दोपहर हो गई थी और हीरु बहुत थक चुका था पर बिना अप्पू हाथी को हेलमेट वाली बात बिना बताये उसे चैन कहाँ था।

थोड़ा और आगे जाने पर गन्ने के खेत में उसे अप्पू दिख गया।

हीरु को देखते ही अप्पू खुश होते हुए बोला-कहाँ से चले आ रहे हो?

शहर से आ रहा हूँ। एक बहुत बड़ी बात पता चली है। अपनी काली मिर्च जैसी गोल गोल आँखें घुमाते हुए हीरु ने कहा

ओह! जल्दी बताओ। कहते हुए अप्पू ने एक गन्ना तोड़ लिया।

बिना हेलमेट के चलने से दुर्घटना होने का डर रहता है। मैं तो उड़ लेता हूँ पर तुम्हें तो हेलमेट पहनना ही चाहिए।

मैं तो पहले ही कितना गिरता पड़ता रहता हूँ और मेरे पास तो हेलमेट भी नहीं है। अप्पू घबराते हुए बोला

वे बात कर ही रहे थे कि तभी वहाँ से गुजरता हुआ मोंटू बन्दर उनकी बातें सुनकर उनके पास आ गया और बोला-किसे पहनना है हेलमेट?

अप्पू को चाहिए पर उसके पास है नहीं। हीरु बोला

हम बिन्की लोमड़ी के पास चलते है। उसे सब पता रहता है तो हेलमेट के बारे में भी जरूर पता होगा। मोंटू ने खुश होते हुए कहा

पर पता नहीं वह इस समय कहाँ होगी। अप्पू ने पूछा

मैंने थोड़ी देर पहले उसे अंगूर के बेल के पास बैठे हुए देखा था वो अभी भी वहीँ होगी। मोंटू गुलाटी मारते हुए बोला

चलो, चलो, जल्दी से चलते है। कहीं ऐसा ना हो कि बिन्की वहाँ से चली जाए। हीरु ने उड़ते हुए कहा

थोड़ी दूर जाने के बाद अप्पू बोला-मोंटू, तुम्हें तो हर बात पता रहती है।

क्योंकि आम खा खाकर मैं बहुत बुद्धिमान हो गया हूँ। मोंटू ने शैतानी भरे स्वर में कहा

अप्पू ने मासूमियत से पूछा-क्या आम खाने से बहुत अक्ल आ जाती है?

और नहीं तो क्या, मुझे ही देख लो। मोंटू खी-खी करके हँसता हुआ बोला

भोले भाले अप्पू ने अपने गन्ने की तरफ़ देखते हुए पूछा-और गन्ना खाने से?

हाँ, उसे खाने से भी आ ही जाती है पर थोड़ी कम। नटखट मोंटू अपनी हँसी रोकते हुए बोला

अप्पू ने सोचा-अब तो मुझे भी आम खाना ही पड़ेगा।

तभी हवा में उड़ता हुआ हीरु बोला-वो देखो, बिन्की।

मोंटू और अप्पू, बिन्की को देखते ही खुश हो गए और उसके पास पहुँच गए।

बिन्की ने उनमें से किसी की भी तरफ़ नहीं देखा। वह तो रसभरे अंगूर इकट्ठा करने में व्यस्त थी।

अंगूर देखकर मोंटू के मुँह में पानी आ गया।

वह अंगूरों की तरफ ललचाई नज़रों से ताकता हुआ बोला-कुछ अंगूर मुझे भी दे दो।

एक भी नहीं दूंगी। बिन्की ने जवाब दिया

कैसे नहीं दोगी! कहते हुए मोंटू ने छलांग मारी और ढेर सारे अंगूर लेकर वहाँ से भाग गया

बिन्की गुस्से से काँप उठी।

अप्पू बोला-हम तो ये पूछने आये है कि हेलमेट कहाँ मिल जाएगा?

बिन्की चीखते हुए बोली -उल्लू दादा तुम्हें इसका जवाब देंगे। उनसे जाकर पूछ लो।

हीरु धीरे से बोला-मुझे लग रहा है कि बिन्की बहुत गुस्से में है और इसलिए ये उल्टा सीधा जवाब दे रही है।

नहीं, नहीं, अंगूर तो मोंटू ले गया है। वो मुझसे क्यों नाराज़ होगी? सीधे साधे अप्पू ने कहा और उल्लू दादा के पेड़ की ओर चल पड़ा।

चलते चलते अप्पू अब बहुत थक गया था पर वह कहीं नहीं रुका ओर सीधे उल्लू दादा के पेड़ के पास पहुँच गया।

उल्लू दादा...उल्लू दादा... अप्पू ने आवाज़ लगाई

अरे दिन में वह सो रहे होंगे। तुम्हें रात होने तक यहीं बैठना होगा। हीरु बोला

मुझे बैठना होगा! क्यों तुम कहीं जा रहे हो क्या? अप्पू ने पूछा

मुझे बहुत भूख लगी है इसलिए वापस अपने अमरुद के पेड़ पर जाना है। हीरु ने जवाब दिया और वहाँ से उड़ चला

अप्पू पेड़ के पास ही बैठ गया और रात होने का इंतज़ार करने लगा।

अप्पू सारा दिन अपने गन्ने को थोड़ा थोड़ा चूसकर खाता रहा और पेड़ पर फुदकती गिलहरी और कोयल से बातें करता रहा।

शाम होते ही वह वापस कोटर के पास पहुँच गया।

उल्लू दादा...आप जाग गए क्या?

हाँ...बोलो अप्पू, कैसे आना हुआ?

मिन्की ने कहा कि आप मुझे बता दोगे कि हेलमेट कहाँ मिलेगा?

तुम्हें हेलमेट क्यों पहनना है? कोटर के अंदर से आवाज़ आई

ताकि मैं दुर्घटना से बच सकूँ! अप्पू ने खुश होते हुए कहा

पर हेलमेट वो पहनते है जो गाड़ी चलाते है। तुम तो हमेशा पैदल चलते हो इसलिए तुम्हें हेलमेट पहनने की कोई ज़रूरत नहीं है। उल्लू दादा की आवाज़ आई

अप्पू उल्लू दादा की बात सुनकर हक्का बक्का रह गया और अपना सर पकड़कर बैठ गया।

पर पूरे जंगल में उल्लू दादा के साथ साथ वहाँ मौजूद सभी पशु पक्षियों के ठहाके गूँज रहे थे जिसमें अप्पू की हँसी सबसे दूर तक सुनाई दे रही थी।



# वाणी का संयम



डा. राकेश चक्र

संयम रखना व करना भी एक अद्भुत कला है। कला ही नहीं, जीवन को सुखी बनाने का रहस्य भी है या कहें कि यही जीवन का मूल आधार है। जिसने अपनी वाणी, जिव्हा अर्थात अपनी सभी कर्मेन्द्रियों एवं ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्राण कर लिया , वही मनुष्य बुद्धिमान, विद्वान, महान महापुरुष बन सकता है। यह तथ्य अनगिन उदाहरणों से जाना व समझा जा सकता है। इस संबंध में अतीत और वर्तमान सुनहरे पृष्ठों में अंकित है।

वाणी के संयम का एक उदाहरण यहाँ देना समीचीन होगा। द्वापर युग समाप्ति की ओर था। महाभारत को बोलकर लिखवाने के लिए महर्षि वेदव्यास जी के मन में किसी योग्य व्यक्ति की कामना जागृत हुई । उनकी इस कामना को पूर्ण करने के लिए गणेश जी ने महाभारत लिखने का संकल्प ले लिया। महर्षि वेदव्यास जी बोलते गए तथा गणेश जी लिखते गए। बहुत दिनों तक यह कार्य चलता रहा। महाभारत का लेखन कार्य पूर्ण हुआ तो वेदव्यास जी ने गणेश जी से पूछा, 'महाभाग! मैंने 24 लाख शब्द बोलकर आपको लिखाए हैं।' आश्चर्य है कि इस बीच आप एक शब्द भी नहीं बोले। सर्वथा मौन ही रहे। बस लिखते गए ।

तब गणेश जी ने सहज भाव से उत्तर दिया। बादरायण, बड़े कार्य सम्पन्न करने के लिए शक्ति चाहिए और शक्ति का आधार संयम है। संयम ही समस्त सिद्धियों का प्रदाता है। यदि मैं वाणी का संयम न रख सका होता तो आपका ग्रंथ कैसे पूरा हो पाता ? संयम से ही सभी कार्य सम्पन्न होते हैं।

प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है लेकिन जो उन्हें सहज रूप से स्वीकार कर संयम से रहते हुए उनका सामना करते हैं, वे उसे जीत कर आनन्द का अनुभव करते हैं।

जो मनुष्य अपनी वाणी और जिह्वा पर नियंत्राण कर पाने में सक्षम होते हैं, वे ही तन और मन से प्रसन्न व स्वस्थ तो रहते ही हैं, साथ ही वे अपनी मंजिल को भी सहज में ही पा लेते हैं। वाणी पर संयम करने वाले मनुष्य असाधारण प्रतिभा के धनी होते हैं। वे मानव समाज के प्रेरणास्रोत होते हैं। वे किसी को किसी प्रकार का कष्ट नहीं पहुँचाते । साथ ही अनगिन मानवीय गुणों से सम्पन्न भी होते हैं। हम भी संयम से रहने का संकल्प लें। जीवन अमूल्य है। (उर्वशी)

# सुंदर एड़ियां भी निखारती हैं आपका व्यक्तित्व

सुनीता गाबा

◆ रात को सोने से पहले गुनगुने पानी में नमक और शैम्पू मिला कर पैरों को धोने से आराम मिलने के साथ ही पैरों की त्वचा में सुधार आता है।

◆ गुनगुने पानी से धोने पर पैरों की दिनभर की गंदगी भी साफ हो जाती है।

◆ एड़ियां फटने पर गर्म पानी में पैरों को कुछ समय के लिए डुबो कर रखें जिससे एड़ियों की त्वचा कुछ नरम हो जायेगी। बात में प्यूमिक स्टोन, स्क्रबर, ईंट या झांवे से मृत त्वचा को रगड़ें, जिससे एड़ियां साफ सुथरी हो जायेंगी। एड़ियों को तौलिए से रगड़कर सुखाने के बाद उस पर मॉश्चराइजर, क्रीम, तेल, वैसलीन कुछ भी चिकनाई लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। ऐसा कुछ दिन करने से आपकी एड़ियों का खुरदरापन दूर हो जाएगा।

◆ एड़ियों और पैरों की मालिश करते करने से भी एड़ियां मुलायम बनती हैं और पैरों की त्वचा में रक्त संचार ठीक रहता है।

◆ कभी-कभी पानी में डिटॉल की 4-6 बूंदें डालकर भी पैरों और एड़ियों को धोएं जिससे बाहरी संक्रमणों से उनका बचाव किया जा सके। नंगे पैर चलने से भी पैरों की त्वचा सख्त होती है और एड़ियां खुरदरी बन जाती है जो कांटों की तरह चुभती हैं। हमेशा चप्पल या जूते पहन कर रहें।



◆ टूटी-फूटी चप्पल और जूते पैरों को नुकसान पहुंचाते हैं। ◆ आरामदायक चप्पल और जूतों का प्रयोग करें।

◆ जूते, सैंडिल कभी भी अधिक तंग या खुले न पहनें। अधिक तंग जूतों से रक्त संचार रूकता है जो पैरों की उंगलियों पर गांठें बना देता है। इससे आपके पैरों का आकर्षण कम हो सकता है।

◆ प्रदूषण से पैरों को बचाने के लिए पैरों को ढककर रखें और सुविधानुसार धूप और हवा लगवायें।

◆ सर्दियों में पांवों को जुराबों से ढक कर ही रखें। उन्हें नंगा रखने से धूल-मिट्टी के कणों से एड़ियां फटने का भय रहता है। (उर्वशी)

**आज के युग में लड़कियां और स्त्रियां सुंदर दिखना चाहती हैं। सुंदर दिखने के लिए शरीर की बाह्य और आंतरिक देखरेख करना अति आवश्यक है। जहां बाह्य अंगों की देखभाल में मुंह, हाथ व बाजू आते हैं, वहीं आप अपने पैर और एड़ियों को नजरअंदाज नहीं कर सकते।**

**आपकी एड़ियां फटी और खुरदरापन लिए हुए हैं तो वे दर्शाती हैं कि आप अपने पैरों के प्रति कितने लापरवाह हैं। मुंह, हाथ और बाजू की देखभाल के साथ पैरों और एड़ियों की भी उचित देखभाल करनी चाहिए।**

# घरेलू नुस्खों से चेहरे पर निखार लायें

राजा तालुकदार

सुन्दरता प्रकृति की देन है। किसी भी कुरूप चेहरे को किसी भी औषधि से सुन्दर नहीं बनाया जा सकता लेकिन चेहरे की त्वचा की नियमित रूप से ठीक ढंग से देखभाल की जाय तो साधारण चेहरे को भी सुन्दर और आकर्षक बनाया जा सकता है।

चेहरे की त्वचा के दाग-धब्बे, व झाइयों व झुर्रियों वगैरह को दूर करके चेहरे पर निखार लाया जा सकता है। नीचे कुछ घरेलू नुस्खे दिये जा रहे हैं जिसका इस्तेमाल करके आप अपना चेहरा सुन्दर व आकर्षक बना सकती हैं:-

- आधा कप दूध में दो बड़े चम्मच चने की दाल रात को भिगो दें। सुबह दाल को उसी दूध में पीस लें। इसमें चार बूंदें नींबू रस तथा चुटकी भर हल्दी मिलाकर चेहरे पर लगाएं। सूख जाने पर चेहरा धो लें। यह प्रयोग सप्ताह में तीन बार करें। इससे चेहरे की त्वचा पर निखार आएगा।
- एक चम्मच चन्दन पाउडर, एक चम्मच बेसन, एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी, एक चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर, आधा चम्मच हल्दी, दो चम्मच गुलाब जल और चार बूंद शहद, सभी को मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इस प्रयोग से साधारण त्वचा भी खिल जायेगी।
- यदि आपकी त्वचा शुष्क है तो यह नुस्खा इस्तेमाल करें। चार चम्मच कच्चे दूध में एक चम्मच चिरौंजी भिगो दें। बारह घंटे बाद इसे दूध में पीस लें। इसे चेहरे पर लगाएं तथा 15 मिनट बाद चेहरा धो लें। इससे चेहरे की त्वचा में कोमलता आएगी और तवचा का रंग निखरेगा।
- एक चम्मच अंडे की सफेदी, आधा चम्मच शहद, आधा चम्मच चन्दन, दो बून्दें लाइम जूस तथा दो बूंदें एस्ट्रिंजेंट सबको मिलाकर त्वचा पर लगाएं। इस प्रयोग से त्वचा की तैलीयता दूर होकर त्वचा सामान्य होगी।
- नीम की पत्तियों को सुखाकर महीन पाउडर बना लें। इसमें एक चम्मच गुलाब जल मिला कर पेस्ट बना लें और मुंहासों पर लगाएं। इसके नियमित प्रयोग से मुंहासे दूर हो जाएंगे।
- शहद में नींबू का रस मिलाकर रात में सोने से पहले त्वचा पर मलें। इस प्रयोग से त्वचा पर झुर्रियां नहीं पड़ेंगी और त्वचा चिकनी और कोमल हो जाएगी।
- दो चम्मच शहद में चार बूंदें नींबू का रस मिलाकर रख दें। 20 मिनट बाद इसे चेहरे पर लगाएं। सूख जाने पर चेहरा धो लें। पर्यटन पर जाने से पहले इसका इस्तेमाल करें। इससे त्वचा रूखी और बेजान नहीं होगी बल्कि कोमल बनी रहेगी। (उर्वशी)



# चिट्ठी



कर्णिका घोषाल

मेरी खुली हृदय पर काले अक्षरों से,  
अपने अतीत को एक चिट्ठी लिखना चाहता हूं।  
अपने उन मीठी यादों को टटोलना चाहता हूं,  
खुली आसमान पर उड़ती कबूतर के मुंह में बंद मेरी आप बीती।

उनमें से कुछ यादें धुंधला सा हो गया है  
चिट्ठी लिखकर उन्हें फिर से ताजा करना चाहता हूं।  
चिट्ठी एक माध्यम है मन की भावनाओं को,  
स्पष्ट रूप से व्यक्त करने का जरिया।

चिट्ठी के पन्नों में मैं अपने दर्द और खुशी को उकेरना चाहता हूं।  
हर शब्द में वह घुटन, हर वाक्य में वह मुस्कान,  
जो मैंने खुद को छुपाए रखा था,  
अब उन्हें कागज पर उकेरना चाहता हूं।  
जो दिन कभी पास थे, वह अब दूर हो गए,  
लेकिन इन अक्षरों में मैं उन्हें जिंदा रखना चाहता हूं।

मैं चाहता हूं कि हर शब्द मेरी आत्मा से बात करें,  
जैसे पुरानी यादें मन के गहरे कोने से बाहर आकर,  
मेरी हृदय को फिर से समझाने लगे।  
इन शब्दों में ढूंढता हूं एक चुप्पी,  
जो मेरे दिल के जख्मों को भी शांत कर सके।

# शहीद दिवस : मां भारती के सपूतों को सलाम

प्रदीप कुमार वर्मा

**भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु को दी गई थी फांसी, युवा पीढ़ी को शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने का दिन**

**शहीद दिवस 23 मार्च पर विशेष**



शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेंले, वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा...। मां भारती को गुलामी की बेड़ियों से आजाद कराने वाले सरदार भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव सिंह की शहादत का यही फलसफा अब बाकी है। और बाकी है इन शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प। करीब दो सौ सालों की गुलामी के बाद भारत ने 1947 में अंग्रेजों से अपनी स्वतंत्रता प्राप्त की थी। देश की आजादी की खातिर अपना तन, मन और धन निछावर करने वाले इन तीनों वीर शहीदों को आज समूचा देश याद कर रहा है। इसके साथ ही यह मौका उन शहीदों को नमन करने का भी है। आज देश के युवाओं के सामने भी एक मौका संकल्प लेने का है कि वह इन शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्रहित में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। युवाओं के इस संकल्प से न केवल देश की एकता और अखंडता एक्शन रहेगी, बल्कि इसके साथ ही देश एक बार फिर से विश्व गुरु बन सकेगा।

शहीद-ए-आजम के नाम से देश और दुनिया में चर्चित सरदार भगत सिंह का जन्म 27 सितंबर 1907 को हुआ था। जब भगत सिंह करीब बारह वर्ष के थे तब वर्ष 1919 में जलियांवाला हत्याकांड हुआ था। पंजाब के जलियांवाला बाग में 13 अप्रैल 1919 को ब्रिगेडियर जनरल रेजिनाल्ड एडवर्ड डायर के नेतृत्व में अंग्रेज़ी फौज ने गोलियां चलाकर महिलाओं और बच्चों सहित सैकड़ों लोगों को मार डाला। वैशाखी के दिन हुए इस हत्याकांड ने इनके बाल मन पर बहुत गहरा प्रभाव डाला। जिसके चलते भगत सिंह ने लाहौर के नेशनल कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर 1920 में महात्मा गांधी द्वारा चलाए जा रहे अहिंसा आंदोलन में भाग लिया। आजादी की लड़ाई में अंतिम सांस तक उनके साथ रहे शहीद सुखदेव का जन्म 15 मई 1907 को पंजाब के लायलपुर पाकिस्तान में हुआ था। बचपन से ही सुखदेव के मन में देशभक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी थी।

अपने बचपन से ही उन्होंने भारत में अंग्रेजी हुकूमत के जुल्मों को देखा और इसी के चलते वह गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए क्रांतिकारी बन गए। भगतसिंह और सुखदेव के परिवार पास-पास ही रहते थे और इन दोनों में गहरी दोस्ती थी। साथ ही दोनों लाहौर नेशनल कॉलेज के छात्र थे। सांडर्स हत्याकांड में इन्होंने भगत सिंह तथा राजगुरु का साथ दिया था। उनके साथी क्रांतिकारी शहीद राजगुरु का जन्म 24 अगस्त 1908 को पुणे जिले के खेड़ा गांव में हुआ था। उनका पूरा नाम शिवराम हरि राजगुरु था। राजगुरु को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक प्रमुख क्रांतिकारी माना जाता है। उनकी शिक्षा वाराणसी में हुई तथा यहीं उनका संपर्क क्रांतिकारियों से हुआ था। राजगुरु चंद्रशेखर आजाद से बहुत प्रभावित हुए तथा हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी से जुड़ गए और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अपना नाम अमर कर दिया। वे लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के विचारों से भी बेहद प्रभावित थे।

दरअसल, 8 नवम्बर 1927 को अंग्रेजों ने भारत में संविधान सुधारो के अध्ययन के लिए साइमन कमीशन का गठन किया था। इस कमीशन में सात ब्रिटिश सांसदों को रखा गया था, इस कमीशन का खास मकसद मांटेग्यू चेम्सफोर्ड सुधार की जांच करना था। इसी क्रम में 3 फरवरी 1928 को साइमन कमीशन भारत आया। लेकिन इसमें एक भी भारतीय सदस्य नहीं था, जिसकी वजह से इंडियन नेशनल कांग्रेस समेत पूरे देश ने इसका जमकर विरोध किया। कांग्रेस ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में पूरे देश में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया। इसके बाद में 'साइमन गो बैक' का नारा देशभर में गूंजने लगा। पंजाब में लाला ने इस विरोध प्रदर्शन का जिम्मा उठाया। पंजाब के लाहौर में जब लाला लाजपत राय ने साइमन कमीशन काले झंडे दिखाते हुए साइमन कमीशन का विरोध जताया।

इससे बौखलाई अंग्रेज़ों की पुलिस ने विरोध प्रदर्शन कर रही भीड़ पर लाठी चार्ज कर दिया। इस लाठीचार्ज में लाला गंभीर रूप से घायल हो गए तथा अस्पताल में लाला 18 दिनों तक जिंदगी और मौत से जंग लड़ते रहे और 17 नवंबर 1928 को उन्होंने आखिरी सांस ली। पुलिस की बर्बर पिटाई से लाला लाजपत राय की मौत का बदला लेने के लिए राजगुरु ने 19 दिसंबर, 1928 को भगत सिंह के साथ मिलकर लाहौर में अंग्रेज सहायक पुलिस अधीक्षक जेपी सांडर्स को गोली मार दी। इंकलाब जिंदाबाद का नारा लगाते लगाते भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को गिरफ्तार कर लिया गया और उन पर हत्या का आरोप लगाया गया। यह मुकदमा भारतीय स्वतंत्रता के इतिहास में लाहौर षड्यंत्र के नाम से जाना जाता है। करीब 2 साल जेल प्रवास के दौरान भी भगतसिंह क्रांतिकारी गतिविधियों से भी जुड़े रहे और लेखन व अध्ययन भी जारी रखा।

फांसी पर जाने से पहले तक भी वे लेनिन की जीवनी पढ़ रहे थे। हत्या के आरोप में 1931 में उन्हें 23 मार्च को लाहौर जेल में फांसी दे दी गई। उनका अंतिम संस्कार सतलुज नदी के तट पर किया गया। अब तक उनके जन्म स्थान में हुसैनीवाला या भारत-पाक सीमा पर शहीदी मेला आयोजित किया जाता है। स्वाधीनता संग्राम के दौरान सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की इस शहादत ने पूरे देश में राष्ट्रवाद की भावना का संचार किया तथा स्वाधीनता की लड़ाई और तेज तथा प्रभावी हो गई। यही नहीं इस घटना के बाद अंग्रेजी हुकूमत के प्रति जनाक्रोश बढ़ता गया। आजादी की इस लड़ाई में सरदार भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु को फांसी दिए जाने के करीब 16 साल बाद 15 अगस्त 1947 को ब्रिटिश हुकूमत को हमेशा के लिए भारत छोड़कर जाना पड़ा। और इस प्रकार भारतवर्ष अंग्रेजों की करीब दो सौ साल की लंबी दासता के बाद आजाद हो गया।

# रेसिपी कार्नर: गोलगप्पे का चटपटा पानी






**गोलगप्पे, पानी पुरी, चटपटे पानी बताशे... नाम तो सुना होगा? भले ही नाम अलग अलग हैं लेकिन ये एक ऐसा स्ट्रीट फूड है जो लगभग पूरे देश में मिलता है और अधिकतर लोगों के बीच प्रिय है। गोलगप्पे का ऐसा क्रेज है कि इसे खाते खाते पेट तो भर जाता है लेकिन मन नहीं भरता। गली-गली में मिलने वाले इस स्ट्रीट फूड को लोग खाना तो पसंद करते हैं लेकिन अक्सर हाइजीन के कारण मन होते हुए भी सेवन से परहेज करते हैं। लेकिन स्वच्छता के साथ घर पर आसानी से गोलगप्पे बनाकर खा सकते हैं। बाजार में रेडीमेड गोलगप्पे भी मिल जाते हैं। आपको घर पर सिर्फ गोलगप्पे का चटपटा पानी तैयार करना होता है। लेकिन समस्या ये है कि बाजार जैसे स्वाद वाला गोलगप्पे का पानी बनाना नहीं आता है? यहां आपको गोलगप्पे का पानी घर पर बनाने की आसान विधि बताई जा रही है।**

### गोलगप्पे का पानी बनाने के लिए सामग्री

पुदीना, धनिया, अदरक, हरी मिर्च, इमली का पानी या आम की सूखी खटाई, भुना जीरा, लाल मिर्च पाउडर,चाट मसाला, नींबू का रस, हींग, नमक और पानी

### गोलगप्पे का पानी बनाने की विधि

**स्टेप 1-** गोलगप्पे का पानी बनाने के लिए पुदीना, धनिया, हरी मिर्च और अदरक के टुकड़े को एक साथ मिलाकर अच्छी तरह से पीस लें।

**स्टेप 2-** स्वच्छ पानी में भुना जीरा, काला नमक, लाल मिर्च पाउडर, हींग, चाट मसाला मिलाएं।

**स्टेप 3-** अब इसमें आधा नींबू का रस मिलाएं। साथ ही इमली का पानी या आम की खटाई का पानी भी मिलाएं।

**स्टेप 4-** पिसी हुई सामग्री को पानी डालकर अच्छे से मिला लें। खट्टा-मीठा स्वादिष्ट गोलगप्पे का पानी तैयार हैं। चाहें तो पानी में थोड़ी सी बूंदी भी मिला सकते हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### जम्मू कश्मीर के रामबन में वाहन खाई में गिरा, दो लोगों की मौत

**बनिहाल/जम्मू :** जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में शनिवार को ताजी सब्जियां ले जा रहा एक वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चालक अर्शीद अहमद और उसका सहायक सेवा सिंह (लगभग 30 वर्ष) सब्जियां लेकर अपने गांव उखराल पोगल-परिस्तान जा रहे थे तभी जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैटरी चश्मा के पास यह दुर्घटना हुई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस और स्थानीय स्वयंसेवकों ने संयुक्त बचाव अभियान चलाया और शवों को कई सौ फुट गहरी खाई से निकाला।

### जम्मू कश्मीर : अनंतनाग में आतंकवादियों के कथित आका का घर ध्वस्त

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में अधिकारियों ने शनिवार को पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादियों के कथित आका से संबद्ध अवैध रूप से निर्मित घर को ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अनंतनाग पुलिस ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर रेखा हसनपुरा में अवैध रूप से निर्मित मकान और चबूतरे को ध्वस्त कर दिया तथा प्रशासन ने अतिक्रमण वाली सरकारी जमीन को कब्जे में ले लिया। उन्होंने कहा कि यह संपत्ति 'आतंकियों के आका' हारून रशीद गनी की है, जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से कथित तौर पर जुड़ा हुआ है। प्रवक्ता ने बताया कि 2018 से पाकिस्तान में रह रहे गनी पर राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने का आरोप है।

### सीबीआई ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल की: अधिकारी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की कथित आत्महत्या के मामले में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल कर दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने मुंबई की एक विशेष अदालत के समक्ष अपने निष्कर्ष प्रस्तुत किये हैं और अब अदालत को तय करना है कि वह (मामले को बंद करने की) रिपोर्ट को स्वीकार करती है या आगे जांच के निर्देश देती है। सुशांत सिंह राजपूत मुंबई के बांद्रा स्थित अपने फ्लैट में 14 जून, 2020 को फंदे से लटके हुए पाए गए थे। वह 34 साल के थे। केंद्रीय एजेंसी ने बिहार पुलिस से मामले की जांच संभाली थी। बिहार पुलिस ने सुशांत के पिता के.के. सिंह द्वारा पटना में दाखिल शिकायत के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया था। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के फोरेंसिक विशेषज्ञों ने सीबीआई को दिये गये चिकित्सा विधिक परामर्श में ''जहर देने और गला घोंटने'' को लेकर इस मामले में किये गये दावों को खारिज कर दिया था। सीबीआई ने राजपूत की कथित महिला मित्र रिया चक्रवर्ती और उनके करीबी लोगों के बयान दर्ज किए थे और अभिनेता के मेडिकल रिकॉर्ड एकत्र किए थे।

# भारत-न्यूजीलैंड साझेदारी काफी मजबूत हुई है: क्रिस्टोफर लक्सन


फाइल फोटो

**नयी दिल्ली/वेलिंगटन :** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने शनिवार को कहा कि इस सप्ताह की उनकी भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच साझेदारी ''और अधिक मजबूत हुई। लक्सन ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू हो गई है। लक्सन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच 17 मार्च को व्यापक वार्ता हुई, जिसमें दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को संस्थागत बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी समझौते पर हस्ताक्षर किए तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। लक्सन 16 मार्च से भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर थे, जिसका उद्देश्य नयी दिल्ली के साथ द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना था। न्यूजीलैंड लौटने के बाद लक्सन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कई पोस्ट करके भारत यात्रा का सार प्रस्तुत किया तथा रक्षा, व्यापार और अन्य क्षेत्रों में उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। लक्सन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश भारत, न्यूजीलैंड के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार बनता जा रहा है। इस सप्ताह मेरी यात्रा के दौरान यह साझेदारी और भी मजबूत हुई।'' उन्होंने कहा, ''दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ समय बिताना खुशी की बात थी।'' उन्होंने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और अगले 10 वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

## नागपुर हिंसा के मामले में सात और लोग गिरफ्तार, घायल व्यक्ति की हुई मौत

**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर में इस सप्ताह के शुरुआत में हुई हिंसा के सिलसिले में 'माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी' (एमडीपी) के एक नेता और छह अन्य को शनिवार को गिरफ्तार किया गया है, जिससे इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या बढ़कर 112 हो गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एमडीपी के कार्यकारी अध्यक्ष हामिद इंजीनियर और मोहम्मद शहजाद खान के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। साइबर पुलिस ने इस मामले की जांच के दौरान यह पाया कि दोनों इस हिंसा के संबंध में सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाने में संलिप्त थे। पुलिस ने पहले ही एमडीपी के प्रमुख फहीम खान को कथित राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है और उसका मानना है कि इस मामले में वही मुख्य आरोपी है। अधिकारी ने बताया कि इंजीनियर ने दंगों से पहले कथित तौर पर चंदा मांगा था। गत 17 मार्च को नागपुर के कई हिस्सों में उस समय बड़े पैमाने पर पथराव और आगजनी की खबरें आईं, जब यह अफवाह फैली कि छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान कुरान की आयत लिखी एक चादर जलाई गई। अधिकारियों ने बाद में दावा किया था कि ये अफवाहें निराधार थीं और शरारतपूर्ण तरीके से फैलाई गई थीं।



### 11 में से 10 थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू हटाया गया या ढील दी गई

महाराष्ट्र के नागपुर शहर में 17 मार्च को हुई हिंसा के बाद यहां 11 में से 10 पुलिस थाना क्षेत्रों में लगाया गया कर्फ्यू या तो हटा दिया गया है या उसमें ढील दी गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस आयुक्त रवींद्र कुमार सिंघल ने शुरू में नंदनवन और कपिलनगर में प्रतिबंध हटा दिए थे, लेकिन आज शाम उन्होंने जोन 3 के अंतर्गत पंचपावली, शांतिनगर और लकड़गंज तथा जोन 4 के अंतर्गत सक्करदरा और इमामवाड़ा से कर्फ्यू हटाने का आदेश दिया।

## भारत और फ्रांस के बीच नौसेना युद्धाभ्यास 'वरुण' हुआ संपन्न

**पणजी :** गोवा तट से लगभग 80 समुद्री मील की दूरी पर भारतीय और फ्रांसीसी नौसेनाओं के बीच 23 वां द्विपक्षीय युद्धाभ्यास 'वरुण' शनिवार को संपन्न हुआ, जिसके बाद फ्रांसीसी विमानवाहक पोत 'चार्ल्स डी गॉल' और आईएनएस विक्रांत ने बेड़ा समीक्षा की। इसमें दोनों नौसेनाओं को सतह के नीचे और ऊपर युद्ध क्षेत्र में आपस में सहयोग करते हुए देखा गया। भारतीय पनडुब्बियों और मिग 29के और राफेल जैसे विमानों के बीच परस्पर समन्वय नजर आया। फ्रांसीसी विमानवाहक पोत चार्ल्स डी गॉल और आईएनएस विक्रांत द्वारा बेड़े की समीक्षा शाम चार बजे की गई। अभ्यास के समापन से पहले दोनों नौसेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस बात पर चर्चा की कि उद्देश्यों को हासिल करने में यह अभ्यास कितना सफल रहा। चार्ल्स डी गॉल के 'कमांडिंग ऑफिसर' कैप्टन जॉर्जेस एंटोनी फ्लोरेंटिन और 'फ्रांसीसी स्ट्राइक ग्रुप' के प्रमुख रियर एडमिरल जैक्स मैलार्ड ने विमानवाहक पोत पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि इसका उद्देश्य परस्पर-संचालन क्षमता में सुधार के लिए मिलकर काम करना है। वरुण 19 मार्च को शुरू हुआ था जिसमें सतह के नीचे, सतह और वायु क्षेत्रों में समुद्री अभ्यास और जटिल युद्धाभ्यासों की एक रोमांचक श्रृंखला थी। इस अभ्यास में विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत और चार्ल्स डी गॉल के साथ-साथ लड़ाकू विमान, विध्वंसक, फ्रिगेट और एक भारतीय स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी की संयुक्त भागीदारी थी।

## नकदी विवाद : सीजेआई ने न्यायमूर्ति वर्मा पर लगे आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की

**नयी दिल्ली :** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर लगे आरोपों की जांच के लिए शनिवार को तीन सदस्यीय समिति गठित की। आरोप है कि न्यायमूर्ति वर्मा के सरकारी आवास में आग लगने के बाद वहां से कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई थी। प्रधान न्यायाधीश खन्ना ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय से रिपोर्ट मिलने के बाद आंतरिक जांच का आदेश दिया और उनसे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को कोई न्यायिक कार्य न सौंपने को कहा। जांच समिति में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी एस संधवालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायाधीश अनु शिवरामन शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी बयान में कहा गया, ''दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को फिलहाल न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को कोई न्यायिक कार्य न सौंपने के लिए कहा गया है।'' इसमें कहा गया, ''दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का जवाब और अन्य दस्तावेज उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किए जा रहे हैं।''

### प्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार देने की घोषणा

**नयी दिल्ली :** प्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को वर्ष 2024 के लिए 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। भारतीय ज्ञानपीठ ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, शुक्ल को हिंदी साहित्य में उनके अद्वितीय योगदान, सृजनात्मकता और विशिष्ट लेखन शैली के लिए इस सम्मान के वास्ते चुना गया है। वह हिंदी के 12वें साहित्यकार हैं, जिन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। शुक्ल छत्तीसगढ़ राज्य के ऐसे पहले लेखक हैं, जिन्हें इस सम्मान से नवाजा जाएगा। शुक्ल ने उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार दिए जाने की घोषणा पर खुशी जताई और कहा कि उन्हें कभी नहीं लगा कि यह पुरस्कार मिलेगा। यह पूछे जाने पर कि ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की घोषणा को वह किस रूप में देखते हैं, तो शुक्ल ने कहा, ''यह भारत का, साहित्य का एक बहुत बड़ा पुरस्कार है। इतना बड़ा पुरस्कार मिलना यह मेरे लिए खुशी की बात है।'' 'पीटीआई वीडियो' और 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत के दौरान शुक्ल ने कहा, ''मुझे कभी नहीं लगा कि मुझे यह पुरस्कार मिलेगा। पुरस्कार की तरफ मेरा ध्यान जाता ही नहीं। दूसरे मेरा ध्यान दिलाते हैं। दूसरे मुझसे , परिचर्चा में, बातचीत में, कहते थे कि अब आपको ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलना चाहिए, मैं उनको संकोच में जवाब दे नहीं पाता।''

## ठाणे के आवारा कुत्ते को टोरंटो में नया घर मिला

**ठाणे :** मनुष्य ही नहीं पशुओं के दिन भी बदल सकते हैं, यह बात महाराष्ट्र के ठाणे शहर के एक आवारा कुत्ते के मामले में चरितार्थ हुई जिसे अब सड़क के स्थान पर कनाडा के टोरंटो में एक नया घर मिल गया है। इस मादा कुत्ते का नाम 'रानी' रखा गया था और ये ठाणे के वर्तक नगर इलाके में बेहद कमजोर और बीमार हालत में मिली थी। उसे अब टोरंटो में नया घर मिल गया है। प्लांट्स एंड एनिमल्स वेल्फेयर सोसाइटी (पीएडब्ल्यूएस) प्रवक्ता नीलेश भानगे ने बताया कि टोरंटो में रहने वाले सलील नवघरे जब पिछले साल दिसंबर में अपने माता-पिता से मिलने ठाणे आए थे तो उन्होंने रानी को पहली बार अपने आवासीय परिसर में सड़क पर देखा था। भानगे ने बताया कि नवघरे 'रानी' की कमजोर स्थिति देखकर भावुक हो गए और उसकी देखभाल करने लगे। उन्होंने बताया कि बाद में, 'रानी' को एक अस्थायी आश्रय में रखा गया और एनजीओ ने एक पशु चिकित्सक के साथ समन्वय करके उसे उपचार मुहैया कराया। उन्होंने बताया कि 'रानी' के स्वस्थ होने के बाद नवघरे ने एक 'ट्रांसपोर्टर' की मदद से उसकी यात्रा से जुड़े दस्तावेज तैयार करवाये गए। उन्होंने बताया कि बाद में 'रानी' को एक उड़ान से पेरिस के रास्ते शुक्रवार को टोरंटो पहुंचाया गया, जहां उसे एक नया घर मिल गया है।

## बांग्लादेश में कट्टरपंथी इस्लामी तत्वों का हिंदुओं पर अत्याचार चिंता का विषय: आरएसएस




**बेंगलुरु :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कट्टरपंथी इस्लामी तत्वों द्वारा हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ कथित रूप से सुनियोजित हिंसा, अन्याय और उत्पीड़न को लेकर शनिवार को गंभीर चिंता व्यक्त की। आरएसएस के शीर्ष निर्णायक मंडल अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) की बैठक के दूसरे दिन बांग्लादेश के संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया गया। आरएसएस ने कहा कि हिंदुओं पर अत्याचार मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मामला है। प्रस्ताव में कहा गया है, ''अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा बांग्लादेश में कट्टरपंथी इस्लामी तत्वों के हाथों हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर लगातार और सुनियोजित तरीके से हो रही हिंसा, अन्याय और उत्पीड़न को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करती है।'' इसमें कहा गया है कि बांग्लादेश में हाल में हुए शासन परिवर्तन के दौरान मठों, मंदिरों, दुर्गापूजा पंडालों और शैक्षणिक संस्थानों पर हमले, देवी-देवताओं की मूर्तियों का अपमान करने, बर्बर हत्याएं, संपत्तियों की लूट, महिलाओं के अपहरण और छेड़छाड़ तथा जबरन धर्मांतरण की कई घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। एबीपीएस ने कहा, ''इन घटनाओं को केवल राजनीतिक बताकर इनके धार्मिक पहलू को नकारना सत्य को नकारना जैसा है, क्योंकि ऐसी घटनाओं के पीड़ित लोग बड़ी संख्या में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों से ही आते हैं।'' प्रस्ताव में कहा गया है कि बांग्लादेश में कट्टरपंथी इस्लामी तत्वों द्वारा हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों पर अत्याचार कोई नयी बात नहीं है। एबीपीएस ने कहा, ''बांग्लादेश में हिंदू आबादी में लगातार गिरावट (1951 में 22 प्रतिशत से आज 7.95 प्रतिशत तक) उनके लिए अस्तित्व के संकट को दर्शाती है।''

## आरेडिका में 45वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला हॉकी प्रतियोगिता 2025 की रंगारंग शुरूआत

**रायबरेली, समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में सात दिवसीय 45वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन पूरे उत्साह के साथ हो रहा है। जिसमें रेलवे जोन, प्रोडक्शन यूनिटों एवं रेलवे बोर्ड सहित कुल 9 टीमों के खिलाड़ी तथा ऑब्जर्बर, टेक्निकल ऑफिशियल, एथलेटिक फेडरेशन एवं रेलवे बोर्ड स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड के पदाधिकारी सहित कुल 210 लोग शामिल होंगे। इसमें बहुत से खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर चुके हैं। महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने सभी खिलाड़ियो को शुभकामानाएं दी। प्रतियोगिता के प्रथम दिन पहली पाली में 2 मैच खेले गये। प्रथम मैच दक्षिण पूर्व रेलवे कोलकाता एवं उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के मध्य हुआ जिसमें दोनो टीमें 2-2 गोल के साथ बराबरी पर रही, द्वितीय मैच पश्चिम रेलवे मुम्बई तथा पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर, के मध्य खेला गया। जिसमें पश्चिम रेलवे मुम्बई 5-0 से विजित रही। आरेडिका खेल-कूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित सलाहकार बीएल मीना ने बताया कि आगुन्तक खिलाड़ियों, कोचों, टेक्नीकल ऑफिशियल और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के लिए आरेडिका के खेलकूद संघ द्वारा रहने-खाने की उचित व्यवस्था की गयी है। खिलाड़ियों के उचित मार्गदर्शन हेतु एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। जिससे खिलाडियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े और एक स्वच्छ प्रतियोगता का सफल अयोजन हो सके। इस अवसर पर आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष तथा प्रधान वित सलाहकार बीएल मीना, आरेडिका खेल-कूद विशेष अधिकारी पदमश्री एवं अर्जुन आवार्डी सुधा सिंह, आरेडिका खेलकूद संघ के सचिव एवं वित सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी अरविन्द कुमार, मुख्य अभिकल्प अभियंता डीके सिंह, आरेडिका खेलकूद संघ के सभी सदस्यों सहित उच्चाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बांग्लादेशी नागरिकों के अवैध प्रवास में मदद करने वाले रैकेट का भंडाफोड़

### 8 गिरफ्तार, छह निर्वासित

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए आठ बांग्लादेशी नागरिकों और उनके भारतीय साथियों को गिरफ्तार किया है जो दक्षिण दिल्ली में उनके अवैध प्रवास में मदद कर रहे थे। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि छह अन्य प्रवासियों को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के माध्यम से निर्वासित कर दिया गया, जबकि चार अन्य की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक फर्जी पहचान दस्तावेज गिरोह और सीमापार धन शोधन करने वाले एक रैकेट का पर्दाफाश किया, जो डिजिटल भुगतान ऐप के माध्यम से धन बांग्लादेश पहुंचाता था। उन्होंने बताया कि कुछ प्रवासियों ने अपने बच्चों का स्थानीय विद्यालयों में दाखिला भी करा रखा था। पुलिस उपायुक्त (डीएसपी) (दक्षिण) अंकिता चौहान ने कहा, ''गिरोह ने बांग्लादेशी प्रवासियों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने में कथित तौर पर मदद की और उन्हें आश्रय, रोजगार और जालसाजी के जरिये आधार, पैन, मतदाता पहचान पत्र और यहां तक कि भारतीय पासपोर्ट भी उपलब्ध कराए।''

## ओडिशा में प्रतिदिन तीन बाल विवाह, नबरंगपुर जिला सूची में शीर्ष पर



**भुवनेश्वर :** प्रशासन द्वारा कई पहल किए जाने के बावजूद ओडिशा में पिछले छह वर्षों के दौरान हर दिन कम से कम तीन बाल विवाह के मामले सामने आए हैं। यह जानकारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार है। इस क्षेत्र में काम करने वाले कार्यकर्ता इस चौंकाने वाले आंकड़े के लिए आदिवासी प्रथा, दहेज, मजदूर परिवारों के पलायन और माता-पिता के इस डर को जिम्मेदार मानते हैं कि बेटियां भाग सकती हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि 2019 से फरवरी 2025 तक ओडिशा भर में 8,159 बाल विवाह हुए हैं। उनमें से नबरंगपुर में 1,347 मामले सामने आए हैं, जो उस अवधि के दौरान ओडिशा के सभी 30 जिलों में सबसे अधिक है। गंजाम जिला 966 मामलों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि कोरापुट 636 मामलों के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके बाद मयूरभंज (594), रायगढ़ (408), बालासोर (361), क्योंझर (328), कंधमाल (308) और नयागढ़ (308) का स्थान है। इन छह वर्षों में झारसुगुड़ा जिले में ऐसे सबसे कम 57 मामले पाए गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता नम्रता चड्ढा ने कहा, बाल विवाह को रातों-रात पूरी तरह से रोका नहीं जा सकता। हमें लड़कियों और उनके माता-पिता के लिए ऐसा माहौल और समाज बनाना होगा ताकि वे ऐसे कदम न उठाएं। एक अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह रोकने के लिए ओडिशा सरकार हर तीन महीने में पंचायत, ब्लॉक और आंगनवाड़ी स्तर पर जागरूकता अभियान चला रही है।

## भारत और इटली ने सैन्य संबंध बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया



**नयी दिल्ली :** भारत और इटली ने रोम में दो दिवसीय बैठक की, जिसमें दोनों देशों ने अपने सैन्य सहयोग को बढ़ाने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के लिए यह विचार-विमर्श प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी द्वारा दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहित कुछ प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को विस्तारित करने के लिए पांच साल की रणनीतिक कार्य योजना जारी किये जाने के चार महीने बाद हुआ। नवंबर में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच हुई बातचीत के बाद यह कार्य योजना जारी की गई थी। दोनों पक्षों ने बीस और 21 मार्च को आयोजित भारत-इटली सैन्य सहयोग समूह (एमसीजी) के 13वें संस्करण की बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समग्र स्थिति की भी समीक्षा की। मंत्रालय ने कहा कि चर्चा में द्विपक्षीय सैन्य-केंद्रित सहयोग के दायरे का विस्तार करने के लिए नये रास्ते तलाशने पर ध्यान केंद्रित किया गया। मंत्रालय ने कहा, ''मुख्य एजेंडा बिंदुओं में उन्नत विनिमय कार्यक्रम, क्षमता विकास प्रयास और भारतीय और इतालवी सशस्त्र बलों के बीच सहयोग को मजबूत करना शामिल था।'' उसने कहा कि बैठक में दोनों देशों के बीच जारी रक्षा संबंधों की भी समीक्षा की गई, उनकी प्रगति का आकलन किया गया और भविष्य की बातचीत को बेहतर बनाने के तरीके की तलाश की गई। एमसीजी दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ाने, मजबूत सैन्य संबंधों और रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख संस्थागत तंत्र के रूप में कार्य करता है।

# मणिपुर में मुश्किल दौर जल्द खत्म होगा : न्यायमूर्ति गवई

### न्यायमूर्ति गवई ने मणिपुर के लोगों से शांति बहाल करने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया




**चुराचांदपुर/इंफाल (मणिपुर) :** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी आर गवई ने शनिवार को उम्मीद जताई कि जातीय संघर्ष से ग्रस्त मणिपुर में ''मौजूदा कठिन दौर'' कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के सहयोग से जल्द ही खत्म हो जाएगा तथा राज्य देश के बाकी हिस्सों की तरह समृद्ध होगा। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले न्यायमूर्ति गवई ने आज मणिपुर का दौरा किया और जातीय संघर्ष से प्रभावित राज्य के लोगों से शांति एवं सद्भाव बहाल करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। अधिकारियों ने बताया कि न्यायमूर्ति गवई ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन के साथ चुराचांदपुर जिले में एक राहत शिविर का दौरा किया और विस्थापित लोगों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने जिले के लमका स्थित मिनी सचिवालय से एक कानूनी सेवा शिविर और एक चिकित्सा शिविर का भी ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया। मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी. कृष्णकुमार और न्यायमूर्ति गोलमेई गैफुलशिलू भी मौजूद थे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''हमारा देश विविधता में एकता का सच्चा उदाहरण है। भारत हम सबका घर है। हम जानते हैं कि आप सभी एक कठिन दौर से गुजर रहे हैं, लेकिन कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका सभी के सहयोग से यह दौर जल्द ही समाप्त हो जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''हमारा संविधान एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। जब हम अपने देश की तुलना अपने पड़ोसी देशों से करेंगे, तो हमें महसूस होगा कि हमारे संविधान ने हमें मजबूत और एकजुट रखा है।

## ईडी ने पटना रेलवे दावा न्यायाधिकरण 'धोखाधड़ी' मामले में वकीलों, अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने बिहार के कुछ वकीलों और अन्य के खिलाफ धनशोधन के एक मामले में आरोप पत्र दाखिल किया है। यह मामला उन मृत व्यक्तियों के धन की कथित हेराफेरी से जुड़ा है जिनके दावों का निपटारा पटना स्थित रेलवे दावा न्यायाधिकरण द्वारा किया गया था। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने जांच के तहत 8.02 करोड़ रुपये मूल्य की 24 अचल संपत्तियों को भी कुर्क किया है। हालांकि, उसने यह नहीं बताया कि इन कुर्क संपत्तियों का मालिक कौन है। आरोप पत्र अधिवक्ताओं - विद्यानंद सिंह, परमानंद सिन्हा, विजय कुमार और कुमारी रिंकी सिन्हा के अलावा अर्चना सिन्हा, निर्मला कुमारी तथा हरिजग बिजनेस एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ दाखिल किया गया है। पटना की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने शुक्रवार को अभियोजन पक्ष की शिकायत (आरोप पत्र) पर संज्ञान लिया। आरोप पत्र में सूचीबद्ध लोगों या उनके कानूनी प्रतिनिधियों से ईडी द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए इन आरोपों पर टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं किया जा सका। धन शोधन का यह मामला पटना स्थित रेलवे दावा न्यायाधिकरण में दायर और निपटाए गए मृत्यु दावा मामलों में ''बड़े पैमाने पर अनियमितता'' के संबंध में सीबीआई द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है। एजेंसी ने कहा कि अधिवक्ता विद्यानंद सिंह और उनके वकीलों की टीम ने 900 से अधिक दावों का निपटारा कराया, जहां न्यायाधीश आर.के. मित्तल की अदालत द्वारा आदेश जारी किए गए थे। आरोप है कि विद्यानंद सिंह और उनकी टीम ने दावेदारों की जानकारी के बिना उनके बैंक खाते खोले और उनका संचालन किया।

# विराट कोहली और फिल सॉल्ट के दम पर आरसीबी की शानदार शुरुआत

## गत चैंपियन केकेआर को उनके घर में हराया





**कोलकाता :** विराट कोहली और फिल सॉल्ट की 95 रनों की दमदार साझेदारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को उनके घर में हराकर धमाकेदार शुरुआत की है। आईपीएल के 18वें सत्र का पहला मुकाबला शनिवार को ईडेन गार्डेंस पर खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गत विजेता टीम ने अजिंक्य रहाणे और सुनील नरेन की शतकीय साझेदारी के दम पर 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 174 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 16.2 ओवर में तीन विकेट खोकर 177 रन बनाए और सात विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

**अर्धशतकीय पारी खेलकर पवेलियन लौटे सॉल्ट**

फिल सॉल्ट और विराट कोहली ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 95 रनों की साझेदारी हुई। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज ने महज 25 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का सातवां अर्धशतक पूरा किया और 56 रनों की दमदार पारी खेलकर पवेलियन लौटे। उन्हें वरुण चक्रवर्ती ने अपना शिकार बनाया।

**आरसीबी ने बनाया पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर**

इससे पहले सॉल्ट और कोहली ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 80 रन बनाए। यह आरसीबी का आईपीएल इतिहास में पावरप्ले में दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। आरसीबी ने पावरप्ले में सबसे ज्यादा स्कोर पिछले साल गुजरात टाइटंस के खिलाफ बनाया था। उस वक्त टीम ने पहले छह ओवर में एक विकेट पर 92 रन बनाए थे। वहीं, आरसीबी ने केकेआर के खिलाफ पावरप्ले में 14 बाउंड्री लगाई। यह तीसरी बार है जब आरसीबी ने पावरप्ले के दौरान इतनी बाउंड्री लगाई है।

**कोहली ने दिलाई टीम को जीत**

सॉल्ट के बाद बतौर इम्पैक्ट खिलाड़ी बल्लेबाजी के लिए आए देवदत्त पडिक्कल सिर्फ 10 रन बना सके। वहीं, कप्तान रजत पाटीदार 16 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट हुए और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। इस मुकाबले में किंग कोहली ने 30 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का 56वां पचासा पूरा किया। वह शानदार फॉर्म में नजर आए और टीम को जीत दिलाने में सफल रहे। कोहली इसके साथ ही टी20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले पांचवें बल्लेबाज बने और उन्होंने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ा। कोहली अपने 400वें टी20 में 59 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि लियाम लिविंगस्टोन ने 15* रन बनाए। वहीं, केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन ने एक-एक विकेट हासिल किया।

**रहाणे और नरेन ने दिलाई अच्छी शुरुआत**

कोलकाता की शुरुआत झटके के साथ हुई। जोश हेजलवुड ने पहले ही ओवर में क्विंटन डिकॉक को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ चार रन बना सके। इसके बाद मोर्चा सुनील नरेन और अजिंक्य रहाणे ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 55 गेंदों में 103 रनों की तूफानी साझेदारी हुई। कप्तान रहाणे ने महज 25 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का 31वां अर्धशतक जड़ा। वह 31 गेंदों में 56 रन बनाकर आउट हुए जबकि नरेन वेस्टइंडीज के स्टार क्रिकेटर नरेन ने पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 44 रन बनाए।

**ताश के पत्तों की तरह बिखरा केकेआर का बल्लेबाजी क्रम**

इसके बाद केकेआर की पारी लड़खड़ाई और उन्होंने गुच्छों में विकेट गंवाए। अंगकृष रघुवंशी ने 30, वेंकटेश अय्यर ने छह, आंद्रे रसेल ने चार, हर्षित राणा ने पांच रन बनाए। वहीं, रमनदीप सिंह छह और स्पेंसर जॉनसन एक रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी के लिए क्रुणाल पांड्या ने तीन जबकि जोश हेजलवुड ने दो विकेट चटकाए। इसके अलावा यश दयाल, रसिख सलाम और सुयश शर्मा को एक-एक सफलता मिली।

## आईपीएल के 18वें सत्र के आगाज की झलकियां







## राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा सनराइजर्स

**हैदराबाद :** अपनी दमदार बल्लेबाजी और अनुभवी गेंदबाजों की उपस्थिति में सनराइजर्स हैदराबाद रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। सनराइजर्स के पास दुनिया के सबसे विस्फोटक बल्लेबाज हैं। इनमें ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, इशान किशन और हेनरिक क्लासेन शामिल हैं जो किसी भी तरह के आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। अगर कोई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 300 रन के जादुई आंकड़े को छू सकती है तो वह सनराइजर्स की टीम है और उसके बल्लेबाज इस सत्र में इस मुकाम को हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। नीतीश कुमार रेड्डी के चोट से उबर कर वापसी करने से सनराइजर्स की बल्लेबाजी को और मजबूती मिली है लेकिन सभी की निगाह अभिषेक और हेड की सलामी जोड़ी पर टिकी रहेंगी जो अभी बहुत अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। अभिषेक ने फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के दौरान अंतिम टी20 मैच में 54 गेंद पर 135 रन की आक्रामक पारी खेली थी और वह अपना यह प्रदर्शन आईपीएल में भी जारी रखने की कोशिश करेंगे। राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजी विभाग में जोफ्रा आर्चर को छोड़कर कोई बड़ा नाम नहीं है और ऐसे में उसके लिए सनराइजर्स के बल्लेबाजों पर लगाम कसना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

## भारत अक्टूबर में टेस्ट श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज, नवंबर में दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा

**कोलकाता :** भारत इस साल अक्टूबर में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए 12 साल के अंतराल के बाद वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगा, जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम नवंबर में सभी प्रारूपों के दौरे के लिए आएगी। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने 'पीटीआई' को बताया कि भारत दो अक्टूबर से मोहाली में पहले टेस्ट में विंडीज से भिड़ेगा, जबकि दूसरा टेस्ट 10 अक्टूबर से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होगा। वेस्टइंडीज का भारत का पिछला टेस्ट दौरा 2013-14 में हुआ था, जो महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर का अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच था।। कैरेबियाई टीम का भारत का पिछला दौरा 2022 में तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए हुआ था। वेस्टइंडीज श्रृंखला के बाद दक्षिण अफ्रीकी टीम दो टेस्ट, तीन एकदिवसीय और पांच टी20 मैचों की श्रृंखला के लिए भारत आएगी। टी20 श्रृंखला से दोनों टीमों को अगले वर्ष भारत में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी का मौका मिलेगा। शुक्ला ने यहां कहा, "पहला टेस्ट दिल्ली में होगा, जबकि दूसरा टेस्ट गुवाहाटी में होगा।" यह गुवाहाटी में पहला टेस्ट होगा, जो अक्सर सफेद गेंद के मैचों की मेजबानी करता है। यह शहर पिछले दो सत्रों से आईपीएल मैचों की मेजबानी भी कर रहा है। टेस्ट मैचों के बाद, पहला वनडे 30 नवंबर को रांची में होगा, जबकि रायपुर तीन दिसंबर को दूसरे वनडे की मेजबानी करेगा। अंतिम वनडे छह दिसंबर को विशाखापत्तनम में होगा। पहला टी20 मैच नौ दिसंबर को खेला जाएगा, इसके बाद 11, 14, 17 और 19 दिसंबर को मैच होंगे। भारत इस साल सितंबर में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी करेगा। शुक्ला ने कहा, "तारीखें अभी तय नहीं हुई हैं लेकिन विजाग में पहला मैच खेला जाएगा और अन्य स्थानों में गुवाहाटी, मुल्लांपुर (पंजाब), तिरुवनंतपुरम और इंदौर शामिल हैं। फाइनल के लिए स्थान अभी तय नहीं हुआ है।"



मैच के बीच सिक्योरिटी घेरे को तोड़कर एक फैन विराट कोहली के पास पहुंचा

## पाकिस्तान कराची में विश्व अंडर-23 स्क्वाश चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

**कराची :** पाकिस्तान स्क्वाश महासंघ (पीएसएफ) ने शनिवार को घोषणा की कि देश छह से 10 अप्रैल तक कराची में विश्व अंडर-23 स्क्वाश चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। पीएसएफ के उपाध्यक्ष अदनान असद ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि 32 देशों ने इसमें भाग लेने की पुष्टि की है। दशकों बाद पाकिस्तान में यह पहला बड़ा स्क्वाश टूर्नामेंट होगा। यह पहली बार है जब विश्व संचालन संस्था इस आयु वर्ग में विश्व चैंपियनशिप का आयोजन कर रही है। असद ने कहा, "चूंकि स्क्वाश को 2028 ओलंपिक में शामिल किया गया है इसलिए यह विश्व टूर्नामेंट शीर्ष खिलाड़ियों को ओलंपिक खेलों में भाग लेने में मदद करेगा।"

## मुंबई के सामने होगी चेन्नई की स्पिन चुनौती

**चेन्नई :** चेन्नई सुपर किंग्स अपने मजबूत स्पिन आक्रमण के दम पर रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस पर शिकंजा कसने की कोशिश करेगा। मुंबई की टीम इस मैच में कप्तान हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना उतरेगी और ऐसे में उसे एम ए चिदंबरम स्टेडियम की स्पिनरों की मददगार पिच पर कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पांच बार के चैंपियन चेन्नई ने यहां की पिच का व्यवहार देखते हुए पिछले साल मेगा नीलामी में रविचंद्रन अश्विन, नूर अहमद, श्रेयस गोपाल और दीपक हुड्डा को अपनी टीम से जोड़कर अपने स्पिन आक्रमण को मजबूत किया। टीम के पास पहले से ही अनुभवी स्पिनर रवींद्र जडेजा थे। चेन्नई के टूर्नामेंट शुरू होने से पहले उठाए गए इस कदम से पता चलता है कि यहां की पिच का धीमी गति के गेंदबाजों को मदद पहुंचाना किसी टीम की रणनीति में कितना महत्वपूर्ण हो सकता है। चेन्नई पांच बार के अन्य चैंपियन मुंबई के खिलाफ अपनी इस ताकत का भरपूर उपयोग करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। चेन्नई की टीम में एक बार फिर से सबकी नजर महेंद्र सिंह धोनी पर टिकी रहेगी जो 2008 में आईपीएल की शुरुआत से ही इस टीम से जुड़े हुए हैं।

### अल्फिया और मनदीप ने बैडमिंटन में स्वर्ण जीता, अवनी ने निशानेबाजी में जीता स्वर्ण

**नयी दिल्ली :** पदार्पण कर रही अल्फिया जेम्स और मंदीप कौर ने अपने-अपने वर्ग में बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियां बटोरीं जबकि पैरालंपिक पदक विजेताओं ने भी दमदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को खेलो इंडिया पैरा खेल (केआईपीजी) के तीसरे दिन शीर्ष स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट के तीसरे दिन के अंत तक एथलेटिक्स, बैडमिंटन और शूटिंग में 88 स्वर्ण पदक तय हो चुके थे। तमिलनाडु ने 19 स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर बरकरार है। हरियाणा 14 स्वर्ण पदकों के साथ दूसरे जबकि राजस्थान 11 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है। उत्तर प्रदेश 10 स्वर्ण पदकों के साथ चौथे स्थान पर है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन सबसे ज्यादा ध्यान बैडमिंटन पर था। भारत के शीर्ष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने इंदिरा गांधी स्टेडियम में अपने-अपने वर्ग में दबदबा कायम रखा।

### आईपीएल के शुरुआती तीन मैचों से बाहर होना थोड़ा अजीब लेकिन रियान टीम का नेतृत्व करने में सक्षम: सैमसन

**हैदराबाद :** संजू सैमसन ने मौजूदा सत्र के पहले तीन आईपीएल मैचों में नहीं खेल पाने को 'थोड़ा अलग' करार देते हुए शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को उनकी अनुपस्थिति में बेहतर तरीके से मार्गदर्शन देने के लिए कार्यवाहक कप्तान रियान पराग पर भरोसा जताया। सैमसन अभी तक इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के दौरान लगी दाहिनी तर्जनी उंगली की चोट से पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। सैमसन ने यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम के शुरुआती मैच से पहले कहा, " मैं एक पूर्ण खिलाड़ी के रूप में कभी (राजस्थान रॉयल्स) किसी मैच से बाहर नहीं रहा हूं। पूरी तरह से फिट न होने के कारण सत्र में आना थोड़ा अलग लगता है। लेकिन टीम अच्छी दिख रही है। हम राहुल द्रविड़ के वापस हमारे साथ होने से भी खुश हैं।"

## जिम्नास्ट प्रणति नायक ने एफआईजी विश्व कप के वॉल्ट फाइनल में कांस्य पदक जीता



**नयी दिल्ली :** भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने शनिवार को तुर्की के अंताल्या में एफआईजी कलात्मक जिम्नास्टिक एपरेट्स विश्व कप के वॉल्ट फाइनल में कांस्य पदक हासिल किया। तोक्यो ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली 29 वर्षीय ने वॉल्ट फाइनल में कुल 13.417 का स्कोर बनाया तथा जयला हैंग (13.667) और क्लेयर पीज (13.567) की अमेरिकी जोड़ी के पीछे तीसरे स्थान पर रहीं। प्रणति ने वॉल्ट क्वालिफिकेशन में 13.317 का स्कोर बनाया था। उन्होंन ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले काहिरा में एफआईजी उपकरण विश्व कप की महिला वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2019 (उलनबटेर) और 2022 (दोहा) में एशियाई चैंपियनशिप में वॉल्ट कांस्य पदक भी जीते।

# व्यापार



## कई देश भारत के विकास मॉडल को अपनाना चाहते हैं: गोयल



**अहमदाबाद :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को यहां कहा कि कई देश भारत के विकास मॉडल को अपनाना चाहते हैं, जिसमें स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों को प्रमुखता दी गई है। उन्होंने वेजलपुर स्टार्टअप उत्सव के समापन समारोह में कहा कि भारत का लक्ष्य यूनिकॉर्न की संख्या को मौजूदा 118 से बढ़ाकर 1,000 और 5,000 करना है। जिन स्टार्टअप का मूल्यांकन एक अरब डॉलर से अधिक होता है, उन्हें यूनिकॉर्न कहते हैं। केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि देश में बनाए गए स्टार्टअप परिवेश ने नौकरी चाहने वालों को नौकरी देने वाला बनने के लिए प्रोत्साहित किया है। गोयल ने कहा, "गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी ने तेज गति से राज्य के विकास को सुनिश्चित किया। गुजरात का विकास तब देश का विकास बन गया। आज कई देश, विशेष रूप से विकासशील देश, भारत के विकास मॉडल को अपनाना चाहते हैं।" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विकास मॉडल में स्वच्छ भारत मिशन, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, आयुष्मान भारत जैसी कई पहल जोड़ी हैं। गोयल ने कहा कि स्टार्टअप ने अपने नए और अभिनव विचारों, कामकाज के नए तरीकों से भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में मदद की है।

## महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, यमुना सफाई, जलनिकासी पर केंद्रित होगा दिल्ली का बजट: मुख्यमंत्री



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा सरकार का वित्त वर्ष 2025-26 का बजट महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा, बेहतर बुनियादी ढांचे, प्रदूषण नियंत्रण और जलनिकास पर केंद्रित होगा। दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 24 से 28 मार्च तक चलेगा। बजट 25 मार्च को पेश किया जाएगा। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने बजट तैयार करने के लिए पेशेवरों सहित समाज के विभिन्न वर्गों से सुझाव लिए हैं। उन्होंने कहा कि हितधारकों से ईमेल के जरिए 3,303 और व्हाट्सएप के जरिए 6,982 सुझाव मिले। मुख्यमंत्री ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को खीर समारोह के साथ शुरू होगा। उन्होंने कहा कि बजट में जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान दिया जाएगा और इसमें रोजगार सृजन के प्रावधान होंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित दिल्ली' के सपने को पूरा करे।

## सरकार ने 10 पीएलआई योजनाओं में 14,020 करोड़ रुपये जारी किए

**नयी दिल्ली :** सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई पीएलआई योजना के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मा सहित दस क्षेत्रों के लिए 14,020 करोड़ रुपये जारी किए हैं। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई। सरकार ने 2021 में दूरसंचार, व्हाइट गुड्स, कपड़ा, चिकित्सा उपकरणों, वाहन, विशेष इस्पात, खाद्य उत्पादों, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन सेल बैटरी, ड्रोन और फार्मा जैसे 14 क्षेत्रों के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा, "10 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाओं के तहत लगभग 14,020 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी की गई है।" ये क्षेत्र इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, आईटी हार्डवेयर, थोक दवाएं, चिकित्सा उपकरण, फार्मास्यूटिकल्स, दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण, व्हाइट गुड्स, वाहन और ऑटो घटक तथा ड्रोन हैं। मंत्रालय ने बयान में कहा कि पारदर्शी तंत्र के जरिये समय-समय पर अलग-अलग मामलों को मंजूरी दी गई है। परियोजनाओं को विनिर्माण की प्रकृति के आधार पर दो-तीन वर्षों में कार्यान्वित किया जाता है। आमतौर पर उत्पादन के पहले वर्ष के बाद दावे किए जाते हैं। मंत्रालय ने कहा, "अधिकांश परियोजनाएं कार्यान्वयन के चरण में हैं और समय आने पर प्रोत्साहन दावे दायर किए जाएंगे।"

### उत्तर प्रदेश से जीआई-टैग वाला गुड़ बांग्लादेश को निर्यात किया गया

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से 30 टन जीआई-टैग वाला गुड़ बांग्लादेश भेजा गया है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई। मुजफ्फरनगर क्षेत्र अपने उच्च गुणवत्ता वाले गन्ने के लिए प्रसिद्ध है। जीआई (भौगोलिक संकेत) मुख्य रूप से कृषि, प्राकृतिक या एक विनिर्मित उत्पाद (हस्तशिल्प और औद्योगिक सामान) हैं, जो एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में मिलते हैं। यह पहचान उत्पाद की गुणवत्ता और विशिष्टता का भरोसा देती है। बयान में कहा गया, "इस पहल के साथ किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और किसान उत्पादक कंपनियों (एफपीसी) के माध्यम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बांग्लादेश को गुड़ के सीधे निर्यात की शुरुआत हो रही है।"

## नमो भारत गलियारे के सबसे बड़े स्टेशन का निर्माण अप्रैल में पूरा होने की संभावना

**नयी दिल्ली :** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ को जोड़ने वाले 'नमो भारत' गलियारे के सबसे बड़े स्टेशन सराय काले खां के अप्रैल अंत तक पूरा होने की संभावना है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार निर्माण और विद्युतीकरण का काम पूरा होने वाला है। न्यू अशोक नगर और सराय काले खां के बीच के खंड पर परिक्षण संचालन इस महीने के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने कहा कि न्यू अशोक नगर और सराय काले खां स्टेशनों के बीच पटरी का काम पूरा हो गया है। सराय काले खां एक प्रमुख परिवहन केंद्र के रूप में काम करेगा। यह केंद्र नमो भारत गलियारे को हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन, वीर हकीकत राय अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) और रिंग रोड से जोड़ेगा। नमो भारत स्टेशन को हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से जोड़ने के लिए 280 मीटर लंबा फुट ओवरब्रिज (एफओबी) बनाया जा रहा है। एनसीआरटीसी ने कहा कि यह एफओबी विभिन्न परिवहन साधनों के बीच सुगम आवागमन सुनिश्चित करेगा। एनसीआरटीसी एफओबी का एक नेटवर्क भी बना रहा है, ताकि यात्रियों को व्यस्त रिंग रोड को आसानी से पार करने और नमो भारत स्टेशन, आईएसबीटी और मेट्रो स्टेशन तक पहुंचने में आसानी हो।

वर्ष 9, पूर्णांक 4184 अंक 334, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in